# हरिभूमि

जबलपुर


मंगलवार, 17 जून 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





हरिभूमि
# सहेली
जबलपुर, मंगलवार
17 जून 2025



विशेष : विश्व संगीत दिवस, 21 जून

# संगीत जीवन में देता है शांति-सुकून

संगीत हमारे जीवन में कितना उपयोगी है, यह कम ही लोग समझते हैं। महिलाओं के जीवन में तो संगीत और भी ज्यादा महत्व रखता है। वे घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए तनाव से घिरी रहती हैं। ऐसे में सुमधुर संगीत सुनना, उन्हें एक सुकून देता है। संगीत हमारे भीतर हैप्पी हार्मोंस बढ़ाकर, हमारी हीलिंग करके अंत:शक्ति बढ़ाता है। तो संगीत से जुड़िए, स्वस्थ रहिए और अपनी जिंदगी को खुशियों से भरिए।



आवरण कथा
**मीता पंडित**, शास्त्रीय गायिका

संगीत केवल कला ही नहीं, जीवनशैली भी है। यह एक ऐसी जीवनधारा है, जो व्यक्ति को भीतर से संवारती है। यह जो भीतर से संवारना है, यह बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर महिलाओं के जीवन में। हम इस बात को समझें कि जब जीवन में संगीत प्रवेश करता है तो यह केवल स्वर या सुर-ताल का सौंदर्य नहीं होता, यह हमारे मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य और आत्मबल यानी जीवन का मूलाधार है, उसे बैलेंस करता है। इससे जीवन में संतुलन का स्रोत बन जाता है। ऐसा बहुत-सी महिलाओं में होते हुए देखा जा सकता है।

**हीलिंग का माध्यम:** आज के दौर में जब महिलाएं घर और बाहर की जिम्मेदारियों के चलते मानसिक तनाव, दबाव और शारीरिक असंतुलनों से त्रस्त हैं, प्रभावित हैं, ऐसे में संगीत उनके लिए हीलिंग का एक सशक्त माध्यम है। इस तरह संगीत जीवन में औषधि की तरह काम करता है। संगीत का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। यह बात विशेष रूप से महिलाओं के संदर्भ में इसलिए कही जा सकती है, क्योंकि महिलाओं को कई तरह की हार्मोनल समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। आज जिस प्रकार की महिलाओं की जीवनशैली है, उसमें इतनी सारी कृत्रिमताएं हैं, खान-पान में मिलावट है, लाइफस्टाइल बिगड़ा हुआ है। वे जॉब कर रही हैं और घर भी संभाल रही हैं। दोनों ही जिम्मेदारियों में खुद को श्रेष्ठ भी साबित करना चाहती हैं। यह दोहरी जिम्मेदारी महिलाओं को बहुत ज्यादा तनाव में डाल देती है। ऐसे में संगीत को यदि आप अपने जीवन में शामिल करती हैं तो यह आपको तनाव और चिंताओं से राहत देगा।

**पैदा होते हैं हैप्पी हार्मोंस:** गायन, वादन और रियाज के दौरान हमारे मस्तिष्क में कई हैप्पी हार्मोंस पैदा होते हैं। जैसा डॉक्टर्स भी बताते हैं कि हैप्पी हार्मोंस (जैसे- डोपामाइन, सेरोटोनिन, एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन) चिंता, तनाव, अवसाद को कम करने के साथ खुशी, संतुष्टि और सकारात्मक सोच को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह बड़ी महत्वपूर्ण बात है। इसके अलावा संगीत मन को हल्का महसूस कराता है। इस पर कई शोध हो चुके हैं कि संगीत का अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है। यह मन को स्थिर करता है। यह संगीत की अद्भुत क्षमता है। इसलिए चाहे घरेलू-कामकाजी महिलाएं हों या फिर स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियां, संगीत सभी के लिए बहुत लाभकारी है।



**बढ़ता है आत्मिक संतुलन:** संगीत, भावनात्मक संतुलन बनाता है, साथ ही एक्सप्रेशन का माध्यम भी है। सुरों के माध्यम से जब महिलाएं अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति देती हैं, उससे उनका आत्मिक संतुलन बढ़ता है। संगीत का शरीर पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। संगीत के नियमित अभ्यास से श्वसन प्रणाली बेहतर काम करती है। जब आप लंबी सांस लेते हैं, नियंत्रित श्वास लेते हैं या पेट की गहराई से सांस लेते हैं (ये सभी गायकों/संगीतकारों द्वारा की जाने वाली एक्सरसाइज हैं) तो इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, इससे शरीर में ऑक्सीजन का बेहतर संचार होता है।

**नींद में सुधार:** आज बहुत सारे लोग अनिद्रा के शिकार हैं। इस समस्या में भी संगीत लाभकारी है, क्योंकि इससे नींद में भी सुधार होता है। मेरा खुद का अनुभव है, जब मैं रात को लाइट बंद कर रियाज करती हूं, इसके बाद सोती हूं तो मुझे बहुत अच्छी नींद आती है। नींद की गुणवत्ता (जिसे कहते हैं साउंड स्लीप) भी बहुत बढ़ जाती है। संगीत से अनिद्रा, बेचैनी, मानसिक थकान जैसी कई समस्याएं दूर हो जाती हैं। यह शरीर में होने वाले दर्द में भी राहत देता है।



**टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास:** जब आप मंच पर गायन/संगीत प्रस्तुत करती हैं तो यह आपको आत्माभिव्यक्ति के साथ ही सार्वजनिक पहचान भी देता है। सार्वजनिक पहचान से आत्मविश्वास बढ़ता है, क्योंकि आप वाद्ययंत्रों के साथ संगीत प्रस्तुत करती हैं, इसलिए इससे टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास होता है। सबको साथ लेकर चलने की क्षमता बढ़ती है। संगीत कलात्मक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है।

**जरूरी नहीं संगीत की विधिवत शिक्षा लें:** संगीत से जुड़ने के लिए जरूरी नहीं कि आप विधिवत संगीत की शिक्षा ही लें। आप यह लाभ संगीत सुनकर भी ले सकती हैं। संगीत सुनकर आनंद महसूस कर सकती हैं। काम करते-करते साथ में गाने भी गा सकती हैं। अगर आप रोज कुछ समय अपने पसंदीदा गाने और संगीत या कोई वाद्ययंत्र सुनेंगी तो यह बहुत फायदा देगा। आप कुछ भी सुनें, शास्त्रीय संगीत, भजन, सूफी गाने, लोरी, लोकसंगीत, उससे मन को बहुत शांति मिलती है, क्योंकि संगीत मन को छू जाता है।

**कभी भी सुन सकती हैं संगीत:** संगीत सुनने के लिए आपको अलग से समय निकालने की जरूरत भी नहीं होती। आप कोई भी घरेलू काम चाहे साफ-सफाई हो, खाना बनाना या कपड़े धोना, कुछ भी करते हुए संगीत सुन सकती हैं। आप रेडियो पर गाने सुनते-सुनते काम कर सकती हैं। इससे काम की थकान महसूस नहीं होगी। जब आप योग और ध्यान लगाती हैं, उस समय भी मंत्र और श्लोक वाले आध्यात्मिक संगीत का लाभ ले सकती हैं। साथ में उच्चारण कर सकती हैं। छोटे बच्चों को सुलाते समय कोई लोरी सुना सकती हैं, बच्चे जल्दी सो जाएंगे। यू-ट्यूब, रेडियो के साथ ही अब कई म्यूजिक एप्स भी आ गए हैं, जहां अच्छा संगीत सुना जा सकता है।

**जीवन में संगीत को जरूर शामिल करें:** अगर आप अच्छा नहीं गा पातीं तो कोई फर्क नहीं पड़ता, बस आप गाने के साथ गुनगुनाइए। साथ ही हमारे जो लोकपर्व और सामाजिक-पारिवारिक आयोजन होते हैं, उसमें लोकगीत गाएं। आपको बहुत अच्छा महसूस होगा। विवाह संगीत में शामिल हों। तीज, करवाचौथ, जागरण, माता की चौकी या ऐसे ही जो समय-समय पर पर्व आते हैं, उसके गीत-संगीत कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लें। यह मन को शांति महसूस कराता है। संगीत का लाभ सुनकर भी लिया जा सकता है। जीवन में संगीत को किसी न किसी रूप में शामिल जरूर करें। इससे जीवन में परिवर्तन, शांति और सुकून आप खुद महसूस करेंगी। a

**प्रस्तुति: रेणु खंतवाल**



हर किसी का मुस्कुराता हुआ चेहरा बहुत प्यारा लगता है। इससे सिर्फ हमें ही नहीं हमारे संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति को बहुत अच्छा महसूस होता है। मुस्कुराने के और फायदों के बारे में जानकर आप मुस्कुराए बिना नहीं रह पाएंगी।

# मुस्कुराइए जिंदगी हो जाएगी खुशनुमा

लाइफस्टाइल
**शिखर चंद जैन**

दुनिया भर के विद्वानों, मनोवैज्ञानिकों, डॉक्टरों और महापुरुषों ने मुस्कुराहट की महिमा का बखान किया है। हर रोज सुबह उठकर आईने में देखते हुए मुस्कुराने की आदत डालें, आपका दिन खुशगवार गुजरेगा। यही नहीं अनेक शोध भी मुस्कुराने के तमाम फायदों को प्रमाणित करते हैं।


**स्ट्रेस होता है कम:** कई शोधों में प्रमाणित हो चुका है कि मुस्कुराने से स्ट्रेस कम होता है, उम्र कम दिखती है, बीमारियों की आशंका कम होती है और उम्र बढ़ती है। बड़ी-बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां, स्कूल और अन्य संस्थान इन दिनों अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और छात्रों को मुस्कुराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हाल ही में चीन में एक फेमस फूडचेन ने अपने ग्राहकों को एक बार की खरीदारी के भुगतान के रूप में सिर्फ मुस्कुराने को कहा। कुछ समय पहले 'यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास' के अनुसंधानकर्ताओं ने अपनी एक स्टडी में पाया कि मुस्कुराने से हमारा शरीर किसी भी स्ट्रेस के प्रति कम प्रतिक्रिया देता है और स्ट्रेसफुल टाइम में हार्ट रेट सही रखता है।



**पॉजिटिव इफेक्ट:** एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि मुस्कुराने से बीपी सही रहता है, आयु लंबी होती है। 'दी एस्टोनिशिंग पावर्स ऑफ अ सिंपल एक्ट' की लेखिका रौन गटमैन कहती हैं, 'एक सच्ची मुस्कान आपके ब्रेन में ठीक वैसा ही स्टिमुलेशन उत्पन्न कर सकती है, जैसा 2000 चॉकलेट खाने पर होता है।' स्माइल कोच फ्रैंक मेलिंडर का कहना है, 'स्माइल एक्सरसाइज आपके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है और आपको पूरी तरह एक पॉजिटिव पर्सनालिटी में ट्रांसफर कर सकती है। आपको कई हफ्तों तक इसकी प्रैक्टिस करनी चाहिए ताकि आगे चलकर यह आपके अवचेतन मन में बैठ जाए और आपकी पर्सनालिटी का हिस्सा बन जाए।'

**बढ़े कॉन्फिडेंस-मिले सक्सेस:** 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में विशेषज्ञों और मनोविज्ञानियों ने एक लेख लिखा है, 'इफेक्ट्स ऑफ सेल्फ जेनरेटेड फेशियल एक्सप्रेशंस।' इसमें कहा गया है कि जो लोग दिन में कई बार आदतन मुस्कुराते हैं, उनकी छवि एक सफल और आत्मविश्वासी इंसान की बन जाती है। मुस्कुराने वाले लोगों का प्रमोशन होने की संभावनाएं, उदास या गंभीर दिखने वाले लोगों से ज्यादा होती है।

**मिलती है खुशी:** एक शोध से यह भी पता चला है कि मुस्कुराने से खुशी मिलती है, ना कि खुश रहने वाले ज्यादा मुस्कुराते हैं। सच तो यह है कि अगर आप झूठ-मूठ भी मुस्कुरा दें तो आपका मूड अच्छा हो सकता है। इसलिए आप खुद मुस्कुराइए और दूसरों को भी मुस्कुराने को प्रेरित कीजिए। a



स्किन केयर
**शहनाज हुसैन**, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# जब स्किन हो जाए टैन अपनाएं ये होम रेमिडीज

गर्मी के मौसम में सन टैनिंग की वजह से स्किन डल हो जाती है और फेस का अट्रैक्शन कम होने लगता है। टैनिंग दूर करने के लिए आप महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज करती हैं, लेकिन कई बार केमिकल बेस्ड होने की वजह से ये स्किन के अनुकूल नहीं होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो सन टैनिंग से बचाने के साथ ही आपकी स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनाएंगे।



**नीबू का फेस पैक:** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें। बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पोषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चम्मच नीबू के रस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।



**पपाया फेस पैक:** पपीते का फेस पैक टैनिंग दूर करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए पके पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें। इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर अपने आप सूखने दें। इसके बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इन दिनों उमस भरी गर्मी के मौसम में आप रोजाना लगा सकती हैं।

**खीरे का फेस पैक:** टैनिंग दूर करने और कूल इफेक्ट देने में खीरा बहुत प्रभावी है। खीरे का कट-अप स्लाइस आंखों पर रखने से आपको आराम मिलेगा। इसका फेस पैक आपकी स्किन को हाइड्रेट करता है। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी निखारता है, क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। इस बनाने के लिए खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नीबू का रस और एक रुई चाहिए। इस फेस पैक को बनाने के लिए पहले खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा-सा नीबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें। a

योगोपचार
**हेतल शाह**, योग एक्सपर्ट

उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में अकड़न, शारीरिक दर्द, वीक बोंस समेत कई हेल्थ प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि आप कुछ आसनों का नियमित अभ्यास करें।

# मिड एज में हेल्थ प्रॉब्लम्स बचाव में कारगर योगासन

मिड एज और उसके बाद शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासन बहुत लाभकारी होता है। 40 की उम्र के बाद महिलाओं में कई तरह के हार्मोनल बदलाव आते हैं, जिसके कारण उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर हम आपको कुछ आसनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से इन रोगों से बच सकती हैं।



## भुजंगासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटाकर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकेंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर वापस नीचे लाएं।

**लाभ:** भुजंगासन पीठ और रीढ़ को मजबूत करने, अकड़न को कम करने और शारीरिक मुद्रा में सुधार करने में मदद करता है। यह पेट के अंगों को भी उत्तेजित करता है और पीरियड्स की परेशानी को दूर करने में मदद करता है।

## पवनमुक्तासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधे लेट जाएं और धीरे से सांस छोड़ते हुए पैरों को मोड़ते हुए अपने पेट के पास लाएं। पेट पर दबाव बनाएं कुछ इस तरह कि आप अपने आपको गले लगा रही हैं। ऐसा करते समय सामान्य गति से सांस लेती रहें और धीरे-धीरे आसन से बाहर आते हुए समान्य अवस्था में आ जाएं।



**लाभ:** बढ़ती उम्र में पाचन संबंधी समस्याओं में पवनमुक्तासन करना फायदेमंद है।

## त्रिकोणासन



**विधि:** इस योग को करने के लिए मैट पर सीधा खड़े होकर अपने दोनों पैरों को जितना हो सके दूरी पर रखें। फिर दोनों हाथों को कंधों की सीध में रखकर एक हाथ की अंगुलियों से उसी तरफ के पैर के अंगूठे को छूने का प्रयास करें। इस मुद्रा में दो-तीन मिनट रखने के बार पुन: पहली वाली अवस्था में धीरे-धीरे आ जाएं। इस प्रक्रिया को दूसरी ओर से भी इसी तरह दोहराएं।

**लाभ:** इससे शारीरिक अकड़न दूर होती है। a

**प्रस्तुति: विधि गोयल**

## ताड़ासन



**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधी खड़ी हो जाएं और पैरों को एक साथ रखें। अब हथेलियों को शरीर के पास रखें। गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों और शरीर को ऊपर की तरफ खीचें। इस स्थिति में 30-40 सेकेंड तक रुकें फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। महिलाएं इस आसन को 3 मिनट तक कर सकती हैं।

**लाभ:** ताड़ासन करने से शरीर की मांसपेशियां स्ट्रेच होती हैं, रीढ़ का भी संतुलन बना रहता है। शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है।



जबलपुर
मंगलवार, 17 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-06
वर्ष : 20, अंक : 48
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 42
न्यून. 30

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी किया संबोधित



### सरकार या संगठन का जो भी दायित्व हम कार्यकर्ताओं को सौंपा जाता है, हम उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूर्ण करते हैं

जब व्यक्ति अपने चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करते हैं, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार या संगठन का जो भी दायित्व हम कार्यकर्ताओं को सौंपा जाता है, हम उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूर्ण करते हैं। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परंपरा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति के चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करके राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया जाता है। यह प्रक्रिया व्यक्ति को समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है और व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब व्यक्ति अपने चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करते हैं, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकते हैं।

### सेना ने पराक्रम दिखाकर इतिहास रचा: वीडी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि यह हम सभी को गौरवान्वित करने वाला क्षण है कि आज हमें भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विशेषज्ञों के साथ स्वदेशी रक्षा सामग्री का प्रयोग कर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देश की सेनाओं और स्वदेशी मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर में पराक्रम दिखाकर इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद को नेस्तानाबूत करने का काम किया है। आज रक्षा क्षेत्र में भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है, हमारी सेनाएं और रक्षा उपकरण स्वदेशी होने के साथ ही आधुनिक भी हैं।

पचमढ़ी में पाठशाला का अंतिम दिन

केंद्रीय मंत्री राजनाथ ने कहा- कार्यकर्ताओं को सम्मान दें, प्रेम से मिलें, उनकी बात सुनें

# जनता की सेवा हमारे डीएनए में, हम जनसेवक हैं 'शासक' नहीं



## क्षमताओं का विकास कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सांसद और विधायक हमेशा संगठन से जुड़े रहें। संगठन तब भी था, जब सत्ता नहीं थी। इसलिए कार्यकर्ताओं को सम्मान दें, प्रेम से मिलें और उनकी बात सुनें। उन्होंने कहा कि भाजपा की असली ताकत जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही है। जनता की सेवा हमारे डीएनए में है, हम जनसेवक हैं शासक नहीं है।



### भाजपा की विकास यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं

*राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण की परंपरा सतत और प्राचीन है। यह पार्टी की कार्यशैली का अंग है। आज भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन पार्टी की इस विकास यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं। ये हैं-प्रशिक्षण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और गरीब कल्याण की भावना। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग आप सभी के लिए पार्टी की वैचारिक यात्रा को समझने और आत्मसात, आत्मचिंतन करने का अवसर है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

जी-7 समिट में पीएम मोदी सहित 14 देशों के राष्ट्रप्रमुखों का जमावड़ा

# पीएम मोदी को साइप्रस का 'सर्वोच्च सम्मान' जी-7 में शिरकत करने के लिए कनाडा पहुंचे



पीएम मोदी ने बताया 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान

एजेंसी ▶▶ निकोसिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस 3 से सम्मानित किया। ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय साइप्रस की ओर से प्रदान किया जाने वाला नाइटहुड सम्मान है, जिसका नाम साइप्रस के प्रथम राष्ट्रपति आर्कबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस से सीधे कनाडा के लिए रवाना हुए। वह कनाडा में जी-7 समिट में शिरकत करेंगे। कनाडा के कैननास्किस में इस समिट का आयोजन होने जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर पीएम मोदी कई वैश्विक नेताओं के साथ नजर आएंगे।

*◆ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में साइप्रस और हमारी सक्रिय भागीदारी नई ऊंचाइयों को छुएगी। एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वैश्विक वातावरण के निर्माण में भी योगदान देंगे।*

यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार था, जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया



### पीएम मोदी का जोरदार स्वागत... साइप्रस की सांसद ने पैर छूए

प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों के दौरे पर हैं। इसी क्रम में पीएम मोदी साइप्रस पहुंचे, जहां पर उनका भव्य स्वागत हुआ। सोमवार को साइप्रस की एक सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छुए। पीएम मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ निकोसिया के ऐतिहासिक केंद्र पहुंचे था, जहां पर उनका भव्य स्वागत हुआ। सोशल मीडिया पर



शेयर हो रहे एक वीडियो में निकोसिया परिषद की सदस्य माइकेला काइथरेओटी म्हापा पारंपरिक रूप से पैर छूकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करती नजर आ रही हैं।

### पीएम जेलेंस्की से भी करेंगे मुलाकात

पीएम मोदी जी-7 समिट में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लॉडिया शेनबॉम से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर से भी पीएम मोदी की मुलाकात होगी। भारत जी -7 का सदस्य नहीं है लेकिन कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर भारत आउटरीच पार्टनर के तौर पर समिट में शिरकत कर रहा है।

### मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति को कालीन किया गिफ्ट

*मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस को कश्मीरी रेशमी कालीन भेंट किया। गहरे लाल रंग के इस कालीन में हलके पीले और लाल रंग के बॉर्डर हैं, जिसमें पारंपरिक बेल और अन्य आकृतियां हैं। यह दो-टोन प्रभाव को दर्शाता है, जो देखने के एंगल और लाइटिंग के आधार पर रंग बदलता हुआ प्रतीत होता है। इसके कारण एक में दो अलग-अलग कालीनों का भ्रम पैदा होता है। अगर इस गिफ्ट को तुर्की की भूमिका के परिप्रेक्ष्य में देखें तो संकेत और भी स्पष्ट हो जाते हैं। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाकर भारत विरोधी रुख अपनाया है। यूएन जैसी संस्थाओं में भी तुर्की, पाकिस्तान के साथ कदम मिलाकर चलता रहा है। दूसरी ओर साइप्रस वर्षों से तुर्की के खिलाफ खड़ा है। चाहे वो नौसेना विवाद हो या उत्तरी साइप्रस का अतिक्रमण। ऐसे में पीएम मोदी का साइप्रस को कश्मीरी गलीचा देना, एक 'सॉफ्ट मैसेज' नहीं बल्कि स्मार्ट डिप्लोमेसी है।*

विजय शाह प्रकरण से बदले राजनीतिक समीकरण



## आदिवासी वर्ग से हो सकता भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष, गजेंद्र दौड़ में आगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की घोषणा जुलाई के प्रथम सप्ताह में होने की संभावना है। ऑपरेशन सिंदूर और सेना को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के एक बयान से भाजपा के अंदर राजनीतिक समीकरण बदले हैं। पहले प्रदेश अध्यक्ष के लिए पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा और विधायक हेमंत खंडेलवाल के नामों की चर्चा थी लेकिन अब यह पद आदिवासी वर्ग के पास जाता दिखाई पड़ रहा है। दावेदारों में खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। लेकिन दौड़ में गजेंद्र सिंह का नाम आगे बताया जा रहा है।*

■ दावेदारों में फग्गन सिंह और सुमेर सिंह के भी नाम

## खबर संक्षेप

### यूपीआई के यूजर्स को बड़ा तोहफा, बदले नियम

**नई दिल्ली।** भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। 16 जून से यूपाई ट्रांजैक्शन सपोर्ट करने वाली टेक्नोलॉजी में कई बड़े अपग्रेड किए गए हैं। नए बेनिफट से ट्रांजैक्शन स्पीड बूस्ट होने के साथ ही पेमेंट रिवर्सल पहले से फास्ट होगा। यूपीआई की स्पीड को 66 प्रतिशत तक बूस्ट करने इरादे से कई एडवांस्ड अपग्रेड किए हैं। एनपीसीआई का लक्ष्य ओवरऑल सिस्टम एन्हेंस करने का है। यह सुविधा गूगल पे, फोन पे, पेटीएम, भीम, वॉट्सएप यूपीआई समेत सभी यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर्स पर लागू होंगे। इससे ट्रांजेक्शन स्पीड को बूस्ट मिलेगा।



### डेढ़ माह बाद खुल गए सरकारी स्कूल, प्राइवेट ने बढ़ाईं छुट्टियां

**जबलपुर।** करीब डेढ़ माह बाद सोमवार से प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए खुल गए हैं। हालांकि, पहले दिन स्कूलों में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। गर्मी के चलते छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम रही। वहीं 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में स्थिति ठीक नजर आई। स्कूलों का समय सुबह 10:30 से शाम 4:30 तक कक्षाएं लगी। हालांकि, स्कूलों में भवन की व्यवस्था नहीं होने पर दो पाली में स्कूल लगाए जा रहे हैं। इधर प्रदेश के अधिकतर सीबीएसई स्कूलों में 6 जून से 9वीं से 12वीं कक्षाएं शुरू हो गई थी। हालांकि, मिडिल-प्राइमरी को लेकर सोमवार से कक्षाएं शुरू होनी थी, लेकिन स्कूलों ने निर्णय बदल लिया है। राजधानी के कई सीबीएसई स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों के समय में एक सप्ताह की बढ़ोतरी की है।

रिश्वत लेने वालों पर लोकायुक्त की कार्रवाई

भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज

## छतरपुर में पटवारी और नेपा नगर में वन चौकी प्रभारी को किया ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में लोकायुक्त ने छतरपुर और नेपानगर में रिश्वतखोरी के मामले में एक पटवारी और वन चौकी प्रभारी को रंगे हाथ ट्रैप किया है। लोकायुक्त की टीम ने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पूरा मामला यह है कि छतरपुर में गहरवार हल्का के पटवारी श्यामलाल अहिरवार को सागर लोकायुक्त ने सोमवार के दिन उसके निवास पर 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी पटवारी ने ग्राम



देवरिया निवासी पुष्पेंद्र अहिरवार से वसीयत का नामांतरण करने के एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। फरियादी ने इसकी सागर लोकायुक्त को शिकायत कर दी। लोकायुक्त ने आवेदन की तस्दीक की और शिकायत सही पाए जाने के बाद पटवारी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इसके बाद लोकायुक्त की टीम ने पटवारी श्यामलाल अहिरवार को उसके निवास से रंगे हाथों 4 हजार लेते ट्रैप कर लिया। इधर एक अन्य कार्रवाई में लोकायुक्त इंदौर की टीम ने मोहम्मद खान डिप्टी रेंजर और वन चौकी प्रभारी मांडवा को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप कर लिया। उप सरपंच संजय जाधव निवासी मांडवा ने लोकायुक्त एसपी इंदौर को शिकायत की थी कि पंचायत के अंतर्गत एक पुलिया निर्माण एवं उसे दोनो ओर जोड़ने के लिए कुल 70 मीटर रोड का निर्माण होना था।

पचमढ़ी में भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के दौरान दो पुलिस अफसर भिड़े

एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा व उप निरीक्षक कमल किशोर मौर्य में विवाद

## पुलिस विभाग ने माना अनुशासनहीनता दोनों पर एक्शन, किया गया लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस अधिकारियों का विवाद हो गया।

एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा और सागर जिले में पदस्थ उप निरीक्षक कमल किशोर मौर्य किसी बात को लेकर गेट पर दोनों आपस में भिड़ गए और वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस



मुख्यालय से आदेश जारी करते हुए दोनों अधिकारियों को नर्मदापुरम स्थित आईजी कार्यालय में लाइन अटैच किया गया है।

### डीजीपी ने एक्स पर दी जानकारी

*इस मामले पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस कार्रवाई का आदेश एक्स पर साझा किया और लिखा कि वर्दी में तैनात पुलिस अधिकारियों से हमेशा अनुशासित और मर्यादित आचरण की उम्मीद की जाती है। डीजीपी का यह बयान साफ तौर पर संकेत देता है कि पुलिस महकमा अपनी छवि को लेकर सजग है और अनुशासन भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।*

रीवा में बिजली कंपनी कर्मचारियों पर हमला

## कटी लाइन रिपेयर करने गए थे, लोगों ने चोर समझा...दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

कटी लाइन रिपेयर करने पहुंची बिजली कंपनी के कर्मचारियों को ग्रामीणों ने चोर समझकर दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई कर दी, इस घटना में 4 कर्मचारी घायल हो गए तो कुछ ने किसी तरह भाग दौड़कर कर अपनी जान बचाई। मामले की शिकायत लाल गांव चौकी में दर्ज कराई गई है। घटना लाल गांव चौकी अंतर्गत देऊर मोड़

■ चार कर्मचारी हुए घायल कार में भी तोड़-फोड़



की है। पनगडी फीडर कि 32 हजार केवी विद्युत लाइन खराब थी, अधिकारियों के आदेश पर कुछ कर्मचारी विद्युत लाइन सुधारने के लिए देऊर मोड़ पहुंचे, वहां ग्रामीणों ने बिजली कर्मियों पर अचानक हमला कर दिया। जो भाग नहीं पाए उन्हें पूरी तरह पीटा गया, चार कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने गाड़ी में भी तोड़फोड़ की, वहीं भीड़ ज्यादा होने के कारण विद्युत कर्मी वीडियो नहीं बना सकें। लालगांव क्षेत्र के देऊर गांव में कुछ समय पहले चोरों का आतंक था, ग्रामीण चोरों से परेशान थे। अचानक देर रात जब विद्युत कर्मी गांव पहुंचे तब ग्रामीण इन्हें चोर समझ बैठे, और इन्हें बुरी तरह पीटा। सीनियर ऑपरेटर अविनाश तिवारी ने शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

दो फेज में होगी जनगणना, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

## 'पहला फेज' लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए 1 अक्टूबर 26 से शुरू होगा

देश के बाकी हिस्सों के लिए दूसरा फेज 1 मार्च, 2027 को शुरू होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सोमवार को जनगणना 2027 को अधिसूचित कर दिया है। इससे अब आधिकारिक तौर पर जनगणना का प्रोसेस शुरू हो गया है।

यह 2011 के बाद देश की पहली जनगणना होगी। जनगणना का काम दो फेज में पूरा होगा। पहला फेज लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए 1 अक्टूबर, 2026 को शुरू होगा।

### 35 लाख जनगणना करने वालों की जरूरत होगी



जनगणना को पूरा करने के लिए करीब 35 लाख जनगणना करने वालों की जरूरत होगी। इसमें ज्यादातर स्कूल के टीचर्स को तैनात किए जाने का अनुमान है। इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट और सब डिस्ट्रिक्ट लेवल पर लगभग 1,20,000 वर्कर हैं। यह जनगणना के काम का मैनेजमेंट, देखरेख या मदद करते हैं। हाउस लिस्टिंग फेज में देश में हर संरचना का दौरा किया जाता है ताकि इमारतों और घरों की विशेषताओं को दर्ज किया जा सके।

### ◆ 2027 की जनगणना भारत के इतिहास की पहली डिजिटल जनगणना

*यह आवास की गणना के बाद वाला फेज होता है। इसमें ज्यादा फोकस व्यक्तिगत डेटा इकट्ठा करने पर रहता है। इसमें नाम, उम्र, जेंडर, डेट ऑफ बर्थ, घर के मुखिया, वैवाहिक स्थिति, एजुकेशन, धर्म, जाति, विकलांगता की स्थिति के बारे में डेटा इकट्ठा किया जाता है। 2027 की जनगणना भारत के इतिहास की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसमें मोबाइल ऐप और रियल टाइम मॉनिटरिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। यह 1931 के बाद पहली जनगणना भी है जिसमें सभी समुदायों के लिए जाति डेटा इकट्ठा किया जाएगा।*



# शांति के साथ समृद्धि और विकास की ओर बढ़ता बस्तर

**अब बस्तर एक संदेश है- संभावनाओं का, समावेश का और स्वाभिमान का**

## सरकार की सकारात्मक नीतियों से खुले कृषि, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और तकनीकी उन्नयन के नए रास्ते

घने जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों से भरा-पूरा बस्तर वर्षों तक विकास से अछूता रहा। अपनी विशिष्ट जनजातीय संस्कृति और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों से अक्सर चर्चा में रहने वाले बस्तर को माओवादी हिंसा का दंश भी झेलना पड़ा, लेकिन अब यहां शांति के साथ विकास के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। बस्तर द्रुत गति से प्रगति पथ की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में "विकसित बस्तर" का विजन धरातल पर उतरता दिख रहा है। यह एक समग्र रणनीति है, जिसमें कृषक, महिला, युवा उद्यमी और आदिवासी समुदायों के समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है। 'नियद नेल्ला नार' जैसे कार्यक्रम के जरिए माओवाद प्रभावित गांवों में सरकारी सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है साथ ही, युवाओं का कौशल उन्नयन कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कृषि में नवीनतम अनुप्रयोगों का दौर भी शुरु है। कृषकों को भरपूर सहायता दी जा रही है साथ ही सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार हेतु व्यापक प्रयास किया जा रहे हैं। इन सम्मिलित प्रयासों से बस्तर अब सतत् आगे बढ़ रहा है और प्रगति के नए आयाम गढ़ रहा है।

"विकसित बस्तर केवल एक नारा नहीं, यह उस बदलाव की कहानी है जो बस्तर को एक आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त क्षेत्र के रूप में स्थापित करेगा। यह पहल न सिर्फ वर्तमान को संवार रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत नींव रख रही है। हमारा लक्ष्य केवल विकास नहीं, समावेशी विकास है। ऐसा विकास जिसमें बस्तर के हर किसान, महिला, युवा और आदिवासी भाई बहन की भागीदारी हो। विकसित बस्तर की यह योजना सिर्फ आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम है। हमने ठाना है, कि बस्तर को वह पहचान दिलाई जाए जिसका वह वास्तव में हकदार है। आत्मनिर्भर, गौरवशाली और प्रगतिशील बस्तर। यह परिवर्तन कोई सपना नहीं, बल्कि धरातल पर उतरती हकीकत है।"

-श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### बस्तर में उद्योगों की वर्तमान स्थिति

- **690** MSME इकाइयां संचालित
- लौह अयस्क के निर्यात से **102** करोड़ रुपये की वार्षिक आमदनी
- प्रमुख कंपनियाँ: NMDC, Essar, ब्रज इस्पात, AMNS इंडिया



## सरकार के वह प्रयास, जिनसे बदल रही बस्तर की पहचान

### कौशल विकास और रोज़गार

- मुख्यमंत्री कौशल विकास, पीएम कौशल योजना और नियद नेल्ला नार जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- 90,273 युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण
- 39,137 युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर
- 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना
- आत्मनिर्भर समर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों में से 222 को रोजगार हेतु प्रशिक्षण

### संस्कृति और प्रकृति के साथ विकास

- बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास
- बस्तर पर्यटन सर्किट का विकास
- स्थानीय संस्कृति और परंपरा के प्रचार-प्रसार पर जोर
- स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- तीरथगढ़ जलप्रपात पर ग्लास ब्रिज का निर्माण





**बस्तर में चहुंमुखी विकास**





### स्थानीय संसाधनों से समृद्धि

- औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बस्तर संभाग को विशेष प्रोत्साहन
- स्टील उद्योग को 15 वर्षों तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति
- आत्मसमर्पित नक्सलियों हेतु रोजगार अवसर और वेतन सब्सिडी
- ST/SC वर्गों को उद्योग स्थापना हेतु अतिरिक्त 10% सब्सिडी
- 28 विकासखंडों में रखा MSME, खनिज, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, वनोपज और पर्यटन उद्योगों को विशेष बढ़ावा
- नई औद्योगिक नीति में आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विशेष प्राथमिकता
- बस्तर में बड़े उद्योगों की स्थापना की तैयारी
- घरेलू व लघु उद्योगों को भी बढ़ावा और क्षेत्रीय उत्पादों को बाजार से जोड़ना
- उद्योगों में 40% तक महिलाओं की सहभागिता का लक्ष्य

### किसानों की समृद्धि से बस्तर की खुशहाली

- जलवायु के अनुकूल मक्का और मिलेट्स उत्पादन के उत्पादन को प्रोत्साहन
- फसल विविधीकरण, जैविक खेती और सिंचाई का विस्तार
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती में आधुनिक तकनीकों का समावेश
- प्रोसेसिंग यूनिट और मार्केटिंग चैनल्स के जरिए कृषि उत्पादों का उचित मूल्य और बाजार उपलब्धता
- परंपरागत मोटे अनाजों को बढ़ावा देकर पोषण और आय दोनों बढ़ाना
- ऑर्गेनिक खेती को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में प्रयास
- मत्स्य पालन, बकरी पालन एवं शूकर पालन के लिए बजट में अतिरिक्त प्रावधान

### विगत डेढ़ वर्षों में...

- 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना
- 325 गाँवों में 17 विभागों की 53 योजनाओंऔर 31 सुविधाओं से विकास
- 435 से अधिक माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया, 1432 से अधिक ने किया आत्मसमर्पण
- हेलीकॉप्टर नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए 68 हैलीपैड पूर्ण, 13 निर्माणाधीन
- 275 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण
- 25,044 आयुष्मान कार्ड बना
- 45,287 ग्रामीणों का आधार कार्ड बना
- 98,172 ग्रामीणों का राशन कार्ड बना
- 607 नए मोबाइल टावरों की स्थापना
- 50 स्कूलों का पुन: संचालन शुरु

### सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की भावी योजना

#### बोधघाट और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

45 साल से अधर में लटकी बोधघाट परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की है और जल्द ही इस पर फिर से काम शुरु होगा। इस परियोजना से बस्तर सहित आधे छत्तीसगढ़ में दोनों सीजन में कुल मिलाकर सात लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही 125 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। इंद्रावती-महानदी लिंकिंग परियोजना से छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। इंद्रावती नदी पर आधारित बोधघाट परियोजना का लक्ष्य दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव, कवर्धा और मुंगेली जैसे जिलों में सिंचाई सुविधा प्रदान करना है। इसके अलावा, इससे हाइड्रो पावर के माध्यम से बिजली उत्पादन भी किया जाएगा।

### बस्तर का भविष्य: समृद्धि और विकास

**आत्मसमर्पित नक्सलियों को स्थायी आश्रय**
आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति

**बस्तर ओलंपिक 2024**
बस्तर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का मिला शानदार मौका

**मुख्यमंत्री सम्मान निधि**
बैगा, गुनिया और सिरहा को 5,000 रुपये की सालाना सम्मान निधि का लाभ

**अखरा निर्माण विकास योजना**
जनजातीय गांवों में खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई योजना

**मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना**
माओवाद प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण व अन्य जिलों के विद्यार्थियों को 1% ब्याज दर पर ऋण

**वन अधिकार अधिनियम में बदलाव**
वन अधिकार पत्रधारकों के वारिसों को वन भूमि का हस्तांतरण मिलेगा

**सुशासन से समृद्धि की ओर...**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

**पर्यटन विकास** | **सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर**

## बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान, पर्यटन सर्कल से खुलेंगे नए रास्ते

बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। बस्तर के धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर जिले में कोसारटेडा सिंचाई जलाशय को अब ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे यहां के महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है।



### बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक

बस्तर में विकास के रास्ते बनाने के लिए सकारात्मक बेहद जरूरी है। युवाओं को खेल और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें भरम और भटकाव के रास्ते से दूर रखना भी बेहद जरूरी है। इसी बात को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर 'बस्तर ओलंपिक' जैसे बड़े खेल महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में 1 लाख 65 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े 'बस्तर पंडुम महोत्सव' का भी विगत दिनों गरिमामय आयोजन हुआ। महोत्सव में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य और वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्प-चित्रकला और जनजातीय व्यंजनों पर आधारित स्पर्धाएं और प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिससे बस्तर की संपन्न जनजातीय संस्कृति से लोगों को रूबरू होने का मौका मिला। 47000 से अधिक स्थानीय कलाकारों ने इस महोत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।





### अंदरुनी गांवों में 'नियद नेल्ला नार योजना' से समग्र विकास



बस्तर के माओवाद प्रभावित अंदरूनी इलाकों में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन सुरक्षा कैंपों के इर्द-गिर्द बसे गांवों में अब बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। 'नियद नेल्ला नार योजना' के तहत चिन्हित 146 ग्रामों में 18 सामुदायिक सेवाएं और 25 तरह की सरकारी योजनाएं एक साथ क्रियान्वित की जा रही हैं। ग्रामीणों को राशन कार्ड, आधार, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, स्कूल प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस जैसी योजनाओं का दिया जा रहा है।

### कृषि में नवाचार का दौर

बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। यहां किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष जोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना 'मिलेट मिशन' का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा। ड्रोन दीदियों की मदद से फसलों पर दवा छिड़काव के साथ-साथ अन्य तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से यहां के प्रगतिशील आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।



### बेहतर भविष्य के लिए कौशल उन्नयन

बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। "विकसित बस्तर" परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास जमीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### नई नक्सली पुनर्वास नीति

आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति 2025 में रोजगार और पुनर्वास की ठोस व्यवस्था है। यह केवल कानून-व्यवस्था का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता की ओर उठाया गया बड़ा कदम है। पुनर्वास की नई नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और हिंसा के पीड़ितों को 15,000 घर बनाकर दिए जाएंगे। कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 10,000 रुपए प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की ठोस नीति राज्य सरकार ने तैयार की है, जिससे उन्हें वापस समाज की मुख्य धारा में जुड़कर जीवन यापन करने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो। पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर राज्य में बड़ी संख्या में नक्सली, आत्म समर्पण के लिए आगे भी बढ़ रहे हैं।



### स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर

राज्य की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर संभाग के स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा। नई औद्योगिक नीति में बस्तर क्षेत्र में लघु उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ पर्यटन विकास के लिए भी व्यापक प्रावधान किये गए हैं।



## प्रदेश में मानसून का प्रवेश
### खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर व बड़वानी में झूमे बादल

# पहली बार प्रदेश को अलग-अलग तारीखों में दो तरफ से कवर करेगा मानसूनी सिस्टम

संजीव सक्सेना ▶▶ भोपाल

सोमवार को प्रदेश के दक्षिण पश्चिमी हिस्से से दक्षिण पश्चिम मानसून की एंट्री हो गई है। लेकिन यह पहली बार होगा जब प्रदेश में एंट्री के बाद मानसून भोपाल सहित आसपास के कई जिलों को छोड़ इंदौर के रास्ते प्रदेश में उत्तरी हिस्से में आगे बढ़ जाएगा।

भोपाल में बंगाल की खाड़ी से आने वाला सिस्टम मानसूनी बारिश करेगा, जिसके लिए अभी करीब 4 से 5 दिन भी लग सकते हैं। यह भी पहली बार है कि जब अरब सागर में स्ट्रांग सिस्टम होने के बावजूद भोपाल सहित मध्य हिस्से इस मानसूनी सिस्टम से छूट जाएंगे। प्रदेश में मानसून आमतौर पर बंगाल की खाड़ी से ही ऑनसेट होता रहा है। इससे पहले 2022 में भी यहां अरब सागर की बांच से मॉनसून ऑनसेट हुआ था, इसके बाद इस साल यह स्थिति बनी है।

**इंदौर तक आकर भोपाल को छोड़ आगे निकल जाएगा सिस्टम**



**करीब आधे प्रदेश में कुछ दिन बाद बंगाल की खाड़ी की ब्रांच से सिस्टम बढ़ेगा**

### इस बार ऐसा क्यों होगा?

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अरब सागर में सिस्टम भी स्ट्रांग है, लेकिन यह सिस्टम मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में ही आगे बढ़ेगा। भोपाल तक यह ऑनसेट न होकर इंदौर संभाग से आगे निकल जाएगा। भोपाल सहित मध्य के कई जिलों में मानसून ऑनसेट के लिए बंगाल की खाड़ी का सिस्टम कवर करेगा। जिसके लिए अभी कुछ समय लग सकता है। यह छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा से आगे बढ़कर भोपाल तक कवर होगा।

### अभी कौन से सिस्टम सक्रिय?



शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में मानसून ऑनसेट के साथ ही गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, विदर्भ के बाकी हिस्से, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ और हिस्सों, पश्चिमी बंगाल और सिक्किम के और हिस्सों में मंगलवार तक मानसून आगे बढ़ेगा। बुधवार तक बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखांड, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में इसके आगे बढने की परिस्थितियों अनुकूल हैं। पूर्वी मध्य अरब सागर के ऊपर एक सकुर्लेशन है, जो दो दिन में दक्षिणी गुजरात और उसी हिस्से में डिप्रेशन में बदकर उसी दिशा में आगे बढ़ जाएगा। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पंजाब और आसपास सक्रिय है। इन सभी कारणों से भोपाल तक बारिश होगी, लेकिन मानसून ऑनसेट के लिए कुछ दिन और लगेंगे।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने घटाई ब्याज दरें, लोन हुआ सस्ता




**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने सेविंग बैंक अकाउंट के सभी अकाउंट बैलेंस के लिए ब्याज दर घटाकर 2.5% कर दी है। पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा रेपो दर में 50 बेसिस पॉइन्ट की कटौती के बाद हुआ है। एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे मौजूदा और नए कर्जदारों दोनों के लिए लोन सस्ता हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती के बाद एसबीआई ने फैसला लिया है। एसबीआई ने बचत बैंक दरों में कटौती 15 अक्टूबर, 2022 को की थी, जहां 10 करोड़ रुपये से कम की राशि पर 2.70% की ब्याज दर और 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक की राशि पर 3% की दर से ब्याज मिलता था।

### महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित



**नई दिल्ली।** क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने आईसीसी ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में होगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बंगलूरू में श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगी।

### 24 घंटे में तीन बार आसमान में मची दहशत, दो विमानों को लेना पड़ा यू-टर्न, एक की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

# हांगकांग से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट लौटी, लखनऊ में विमान के टायरों में धुआं निकला

**250 हज यात्रियों** को लेकर जा रहे सऊदी एयरलाइंस के विमान में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान लैंडिंग गीयर में तकनीकी खराबी आ गई। पहिए से चिंगारी और धुआं निकला।

**एयर इंडिया के पास कुल 33 ड्रीमलाइनर विमान, जिनमें पहला साल 2012 में शामिल हुआ था**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले 24 घंटों में हवाई यात्रा करने वालों के लिए कुछ बेहद ही डरावनी खबरें आईं। तीन विमानों के साथ हवा में ही कुछ दिक्कतें आईं। दो विमानों को बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। एक विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। ये सब तब हो रहा है, जब लोग पहले से ही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-171 के हादसे से सहमे हुए हैं। उस हादसे में 279 लोग मारे गए थे, जिनमें 241 विमान यात्री थे।

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद एयर पोर्ट से टेकऑफ होते ही क्रैश हो गया था। पहली घटना में, एक ब्रिटिश लड़ाकू विमान को केरल में इमरजेंसी में उतरना पड़ा। कहा गया कि उसमें ईंधन कम था। दूसरी घटना में, लुफ्थांसा की एक फ्लाइट को बम की धमकी के बाद फ्रैंकफर्ट वापस लौटना पड़ा। यह फ्लाइट हैदराबाद जा रही थी। तीसरी घटना में, एयर इंडिया की एक फ्लाइट हांगकांग से दिल्ली आ रही थी। उसे तकनीकी खराबी के शक में बीच रास्ते से लौट जाना पड़ा। इधर, 250 हज यात्रियों को लेकर जा रहे सऊदी एयरलाइंस के विमान में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान लैंडिंग गीयर में तकनीकी खराबी आ गई. पहिए से चिंगारी और धुआं निकलते देख पायलट ने विमान को रोककर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित किया। गनीमत रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। इसके बाद विमान को पीछे धकेला गया और टैक्सी-वे पर ले जाया गया, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. एयरपोर्ट की फायर टीम ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और फोम और पानी का उपयोग करके 20 मिनट के भीतर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। सऊदी एयरलाइंस का विमान एसवी-3112 शनिवार को रात 10:45 बजे जेद्दा एयरपोर्ट से रवाना हुआ था और रविवार को सुबह 6:30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा था।

**विमान हांगकांग में सुरक्षित उतर गया, यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य दिल्ली तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की**



#### हांगकांग वाली फ्लाइट में 200 यात्री सवार थे

हांगकांग से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में हवा में ही कुछ दिक्कतें आने लगीं। पायलटों को लगा कि विमान में कोई तकनीकी खराबी है। इसलिए, सावधानी बरतते हुए बोइंग 787 विमान को हांगकांग से उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद ही वापस बुला लिया गया। विमान में 200 से ज्यादा यात्री सवार थे।

#### पूर्व सीएम रूपाणी समेत 47 के शव परिवार को सौंपे गए

अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान की भीषण दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के माध्यम से 114 मृतकों की पहचान कर ली गई है। पूर्व सीएम रूपाणी समेत 47 लोगों के शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। अधिकारी मृतकों की पहचान करने के लिए डीएनए टेस्ट कर रहे हैं, क्योंकि 12 जून को विमान दुर्घटना में कई लोग इतनी बुरी तरह जल गए थे कि उनके शव पहचाने नहीं जा सके।

## कायस्थ समाज बोला-वे दंडवत होकर मांगें माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पंडित प्रदीप मिश्रा अक्सर अपने विवादित टिप्पणी को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। अब एक बार फिर वे विवादों में घिर गए हैं। इस बार उनके एक प्रवचन को लेकर कायस्थ समाज नाराज है और उनसे दंडवत होकर माफी मांगने की मांग की है। चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य डॉ. स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पं. प्रदीप मिश्रा की भाषाशैली पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने पंडित प्रदीप मिश्रा को धमकी देते हुए कहा कि वे उन्हें कानूनी कार्रवाई के दायरे में लाएंगे। उन्होंने कहा कि पं. मिश्रा ने जिस प्रकार से भगवान श्री चित्रगुप्त जी और भगवान यमराज पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। यह दर्शाता है कि यह व्यक्ति न तो कथावाचक है और न ही यह व्यासपीठ पर विराजमान होने के लायक है। पहले मां राधा रानी पर पं. मिश्रा ने अभद्र टिप्पणी की थी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की घोषणा

# बरेली नगर परिषद अब बनेगी नगर पालिका स्टेडियम भी बनेगा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास की यह गति हम थमने नहीं देंगे। सबके सहयोग से अगले पांच साल में हम मप्र की तस्वीर बदल देंगे। इस मौके पर उन्होंने बरेली नगर परिषद को नगर पालिका बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि बरेली में स्टेडियम भी बनाया जाएगा, ताकि खेल प्रतिभाओं को अन्यत्र नहीं जाना पड़े। मेट्रोपोलिटन क्षेत्र विकसित होने से बरेली, औबेदुल्लागंज सहित पूरा क्षेत्र जगमगाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कई और घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रायसेन जिले की बरेली में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों सहित कुल 138.96 करोड़ की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने चयनित हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए। इस मौके पर क्षेत्र के ही सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यमंत्री पटेल ने किसान परिवार के बेरोजगार युवाओं को इंटर्नशिप दिलाने की अभिनव योजना की शुरुआत की है। इससे जुड़े युवाओं को कौशल उन्नयन के साथ ही 3000 रुपए प्रति महीना आर्थिक लाभ भी दिया जा रहा है। हम इस कार्य की सराहना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी योजना में इंटर्नशिप की सहायता राशि अब राज्य सरकार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के विकास के लिए पूरी तरह संकल्पित है। हम युवाओं को काम दिलाएंगे। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री पटेल, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, राकेश शर्मा, पूर्व विधायकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### लाड़ली बहनों को आगामी रक्षाबंधन पर 1500 रुपए मिलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की लाड़ली बहनों को आगामी रक्षाबंधन पर 1500 रुपए मिलेंगे। तय राशि 1250 के अलावा 250 रुपए रक्षाबंधन का तोहफा अलग से दिया जाएगा। कहा कि सरकार मेडिकल के साथ नर्सिंग कॉलेज की संख्या बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। अगले 3 साल में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 50 करने का लक्ष्य है। प्रदेश के गांवों की बेटियों को भी नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई और रोजगार का अवसर मिलेगा।

**»** *मुख्यमंत्री ने बरेली में किया 138.96 करोड़ के 45 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन*

**»** *किसानों को बनाएंगे बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर, पांच साल में बदल देंगे मध्यप्रदेश की तस्वीर*

#### अगले तीन सालों में किसानों को बिजली बिल से कर देंगे मुक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है कि आने वाले 3 सालों में किसानों को बिजली बिल से पूरी तरह से मुक्त कर दें। हमारी सरकार ने किसानों के लिए सोलर पंप योजना की शुरुआत की है। किसान अपनी बिजली बनाएं, उपयोग करें और उनकी जरूरत से ज्यादा होने पर अतिरिक्त बिजली सरकार खरीदेगी। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार ने किसानों को 5 रुपए में बिजली कनेक्शन देने का निर्णय लिया है। प्रदेश के हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश में केन-बेतवा लिंक, पार्वती-कालीसिंध-चंबल और तापी मेगा री-चार्ज परियोजना की शुरुआत की गई है।




### उज्जैन में महिला प्रताड़ना के दो केस

# कैमरे के सामने खाया जहर, मौत नोट में लिखा-अब सहा नहीं जाता

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के हाटकेश्वर कॉलोनी में रविवार शाम एक शादीशुदा महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी से पहले उसने एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो में पति, सास और ननदों पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के आरोप लगाए। वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद नूपुर जाट (33) ने जहर खा लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नूपुर जाट ने एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें मौत के लिए ससुरालवालों को जिम्मेदार ठहराया।



■ महिला के वीडियो में पति, सास-ननद पर आरोप

#### थाने के बाहर युवती ने पीया जहर, पुलिस पर परेशान करने का आरोप

यहां नीलगंगा थाने के बाहर एक युवती ने थाने के बाहर जहर पीकर सुसाइड का प्रयास किया। उसने पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाया। युवती ने कहा कि पुलिस ने उसके भाई को शुक्रवार को घर से उठा लिया था। कोर्ट में पेश नहीं किया। जब मैंने रविवार को थाने में आकर पूछताछ की तो उन्होंने कहा-हमें नहीं पता। युवती को चरक भवन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सार्थक नगर में रहने वाली चेतना कुलपारे ने बताया कि तीन-चार दिन से साइबर पुलिस उसके परिवार को परेशान कर रही है। युवती ने बताया कि मेरे भाई चिराग को पुलिस पहले उठा कर ले गई थी। जब वह लौटा तो उसकी टांग टूटी हुई थी। हमने भाई को प्लास्टर चढ़वाया था। इसके बाद शुक्रवार को फिर साइबर सेल वाले उसे दोपहर में लेकर गए। उसके बाद से उसका पता नहीं है।

### कांग्रेस नेता पर हमला गाड़ी में की तोड़फोड़

**गंजबासौदा।** नगर के करीब 10 किमी दूर ग्राम डायला में मंदिर के पास चार पांच दर्जन लोगों ने मप्र कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त प्रदीप अहिरवार पर रविवार की रात्रि में हमला कर दिया। प्रदीप कुरवाई से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने साथी जगन्नाथ अहिरवार को ग्यारसपुर छोड़ने जा रहे थे, तभी रात्रि के 11:15 बजे कुछ लोगों ने उनकी कार को रोका और हमलावरों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।



### इजराइल से भीषण जंग के बीच ईरान ने मानी भारत की बात



# 10 हजार भारतीयों को बाहर निकालने की दी इजाजत, सुरक्षित रास्ता देने की 'घोषणा' की

ईरान ने कहा कि फिलहाल देश में हवाई क्षेत्र बंद, इसलिए छात्र अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान के रास्ते अपने वतन लौट सकते हैं

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट के दो बड़े देशों के बीच भीषण जंग छिड़ चुकी है। पिछले सप्ताह से बढ़े तनाव के बाद ईरान और इजराइल एक-दूसरे पर लगातार मिसाइलें दाग रहे हैं। ईरान में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। तनाव चरम पर पहुंचने के बाद ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं शुरू हो गई थीं। वहीं, ईरान ने अपनी हवाई सीमा को भी बंद कर दिया है, जिससे भारतीयों की मुसीबत और बढ़ गई। हालांकि, ईरान ने भारत सरकार की अपील मानते हुए बड़ा फैसला किया है। ईरान ने सोमवार को भारत के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान में फंसे कम से कम 10,000 नागरिकों को निकालने के लिए सुरक्षित रास्ता देने की घोषणा की है।



#### ईरान से कैसे लौटेंगे भारतीय छात्र

ईरान के अलग-अलग शहरों से भारतीय छात्र आर्मेनिया से लगे नॉरदुज बॉर्डर पहुंचेंगे। यहां से इन्हें बस से आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट ले जाया जा सकता है। इसके बाद इन छात्रों को हवाई रूट से भारत लाया जाएगा।

IIT या प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए एआई-समर्थित और परिणाम-केंद्रित उपक्रम दिल्ली में हुआ क्रियाशील

# आकाश एजुकेशनल ने किया 'आकाश इनविक्टस कैंपस' शुरू

**नई दिल्ली।** **आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL), जो कि परीक्षा तैयारी सेवाओं में देश का अग्रणी संस्थान है, ने आज प्लॉट नंबर 08, गगन विहार, नई दिल्ली में आकाश इन्विक्टस कैम्पस का शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक और अपने प्रकार की पहली उन्नत सुविधा है, जिसे विशेष रूप से JEE की तैयारी कर रहे देश के सबसे मेधावी और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्रतिष्ठित, उच्च-गहनता वाला, व्यक्तिगत, एआई-समर्थित और परिणाम-केंद्रित उपक्रम उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जो IIT या प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले की तैयारी कर रहे हैं।**



आकाश इन्विक्टस कैम्पस एक उन्नत शैक्षणिक अनुभव के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करता है। इस परिसर में 13 आधुनिक क्लासरूम हैं, जो JEE की तैयारी के लिए एक केंद्रित और व्यक्तिगत वातावरण प्रदान करते हैं। अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और विशाल डिज़ाइन के साथ, यह परिसर दो शिफ्टों में 1,300 छात्रों को समायोजित कर सकता है, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा और सफलता के लिए श्रेष्ठ संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होती है।आकाश इन्विक्टस भारत के लगभग 500 सर्वश्रेष्ठ JEE फैकल्टी को एक छत के नीचे लाता है, जो अब तक एक लाख से अधिक छात्रों को IITs में प्रवेश दिलाने में सफल रहे हैं। पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और विशेष रूप से उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जो IIT में टॉप रैंक हासिल करना चाहते हैं। कार्यक्रम में इंटीग्रेटेड फिजिटल लर्निंग, विशेष अध्ययन सामग्री, सटीक तैयारी के लिए एआई-समर्थित और अनुकूली शिक्षण संसाधन शामिल हैं।इस कठिन लेकिन उत्कृष्ट कार्यक्रम में एक संपूर्ण रिवीजन और टेस्टिंग मॉड्यूल शामिल है, जो JEE (Advanced) परीक्षा से पहले के अंतिम चरणों में लक्षित तैयारी पर केंद्रित है। छात्रों को विशेष पाठ्यक्रम, डाउट-क्लियरिंग सेशंस और एक रणनीतिक रूप से तैयार की गई टेस्ट सीरीज़ का लाभ मिलेगा, जिसका उद्देश्य उनके प्रदर्शन को अधिकतम करना है। Aakash Invictus में छोटे बैच होंगे ताकि छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन और ध्यान मिल सके।

डॉ. यश पाल, चीफ़ ऑफ अकैडमिक्स ऐंड बिज़नेस हेड, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहा,"आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है, बल्कि उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है जो टॉप IIT रैंक लाने का सपना देख रहे हैं। यह कैंपस अनुभवी फैकल्टी, अत्याधुनिक शिक्षण विधियों और व्यक्तिगत, AI व टेक-आधारित लर्निंग को एक साथ लाता है। वर्षों से हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को IIT में प्रवेश दिलाने के लिए सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया है। यहां अध्ययन सामग्री को पूरी तरह से नया रूप दिया गया है, जिसमें सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को कवर किया गया है और इसे उद्योग के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है। हमें पूरा विश्वास है कि यह सर्वोत्तम है — यदि आप इससे बेहतर सामग्री बना सकते हैं, तो हम आपको पुरस्कार देंगे और अपनी टीम में आपका स्वागत करेंगे।"

उन्होंने आगे कहा, "यह प्रोग्राम, जो कुछ महीनों पहले शुरू हुआ था, अब तक 2500 से अधिक शीर्ष छात्रों को आकर्षित कर चुका है। तीन मुख्य स्तंभों – अभिनव शिक्षण पद्धतियाँ और कोर्सवेयर, विशेषज्ञ फैकल्टी और उन्नत AI टूल्स – पर आधारित आकाश इन्विक्टस JEE की तैयारी में नए मानक स्थापित करेगा। इन सभी नवीन सुविधाओं के पीछे आकाश की विश्वसनीयता, भरोसा और तकनीकी विशेषज्ञता है।"

कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता इसकी अध्ययन सामग्री में नवाचार पर विशेष फोकस है। छात्रों को अध्यायवार अभ्यास वर्कशीट्स दी जाएंगी, जिनमें QR कोड के माध्यम से विस्तृत समाधान और चरणबद्ध अंकन योजना मिलेगी, जिससे वे JEE के साथ-साथ स्कूल और बोर्ड परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। अतिरिक्त सुविधाओं में प्रतिस्पर्धी ओलंपियाड्स के लिए वर्कशॉप्स, JEE के पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अध्यायवार ब्रेकडाउन और समाधान, तथा JEE चैलेंजर संसाधन शामिल हैं, जो रणनीति को परिष्कृत करने के लिए इनसाइट्स, प्रैक्टिस प्रश्न और विश्लेषण प्रदान करता है।

इसके अलावा, कार्यक्रम फिजिटल अध्ययन सामग्री को एकीकृत करता है, जो भौतिक और डिजिटल संसाधनों की ताकत को मिलाकर जटिल विषयों को आसान बनाता है, और विशेषज्ञ फैकल्टी द्वारा रिकॉर्डेड वीडियो व्याख्यान प्रदान करता है ताकि छात्र अपनी सुविधा अनुसार कभी भी सीख सकें।

आकाश इन्विक्टस में प्रवेश अत्यंत चयनात्मक है – केवल प्रतिभाशाली और प्रतिबद्ध छात्रों को एक विशेष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चुना जाता है। यह कार्यक्रम दो वर्षों का है जो कक्षा 11 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए तैयार किया गया है, जबकि कक्षा 10 से शुरुआत करने वाले छात्रों के लिए तीन वर्षीय विकल्प भी उपलब्ध है।

आकाश इन्विक्टस भारत के 40+ शहरों – जैसे दिल्ली NCR, चंडीगढ़, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, जयपुर, कोटा, पटना, रांची, बोकारो, कोलकाता, दुर्गापुर, भुवनेश्वर, मुंबई, पुणे, नागपुर, अहमदाबाद, वडोदरा, इंदौर, भोपाल, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, देहरादून और मदुरै – में उपलब्ध होगा। यह पाठ्यक्रम एक समर्पित अनुसंधान टीम द्वारा विकसित किया गया है, जो उच्चतम अकादमिक मानकों और बदलते परीक्षा प्रारूपों के अनुरूप एक परिवर्तनकारी शैक्षणिक अनुभव सुनिश्चित करता है।

लोकल की आवक खत्म, छिंदवाड़ा महाराष्ट्र और बेंगलुरू से आ रहा टमाटर

# गर्मी ने बढ़ाया टमाटर का ताव... बढ़ गए उसके भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी अब केवल मौसम तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका असर सीधा आम लोगों की रसोई पर दिखने लगा है। खासकर टमाटर के दामों में बीते कुछ दिनों में जबरदस्त उछाल आया है। मई माह में 10 रुपए किलो बिका टमाटर 30-50 रुपए प्रति किलो मिल रहा था। विक्रताओं के अनुसार तेज गर्मी के चलते टमाटर की फसल को भारी नुकसान हुआ है। जून-जुलाई में लोकल टमाटर की फसल खत्म हो जाती है और इस दौरान बाजार बाहरी आवक पर निर्भर होता है।

जिससे ट्रांसपोर्ट खर्च और खराब होने की आशंका दोनों बढ़ जाते हैं । स्थानीय थोक सब्जी मंडी करोंद में टमाटर प्रति कैरेट 600-700 रुपए (22 से 25 किलो) के भाव नीलाम हो रहा है। करोंद थोक सब्जी मंडी स्थित टमाटर व्यापारी राजेन्द्र सैनी ने बताया कि टमाटर की आवक की पोजीशन टाइट है क्योंकि लोकल टमाटर की आवक खत्म हो गई है। अब मंडी में बाहरी टमाटर से उपभोक्ता डिमांड की पूर्ति हो रही है। उनके अनुसार टमाटर की आवक छिंदवाड़ा, महाराष्ट्र और बेंगलुरू से करीब 6 से 7 गाड़ी की हो रही है। जो कि 600 से 700 रुपए कैरेट के भाव बिक रहा है।





**सब्जियों के फुटकर भाव पर एक नजर**

- टमाटर - 30 से 60 रुपए किलो
- परवल- 40 रुपए प्रति किलो
- कुंदरु- 40 रुपए प्रति किलो
- खीरा- 30 से 40 रुपया किलो
- नेनुआ- 40 रुपया प्रति किलो
- फुल गोभी- 60 रुपया प्रति किलो
- भिंडी- 40 रुपया प्रति किलो
- लौकी- 20 रुपया प्रति किलो
- गाजर- 40 रुपया प्रति किलो
- प्याज- 20 से 25 रुपया प्रति किलो
- आलू- 25 से 30 रुपया प्रति किलो
- बैगन- 40 रुपया प्रति किलो

## हाट बाजार में 30 से 40 रु. तो गली-मोहल्ले में 50 से 60 रु. किलो के भाव बिक रहा टमाटर

राजधानी के हाट बाजारों में 30 से 40 रुपए के भाव बिक रहा है तो गली मोहल्ले में फेरी लगाकर सब्जियां बेचने वाले रिटेल सब्जी विक्रेता 50 से 60 रुपए किलो के भाव टमाटर की बिक्री कर रहे हैं। विक्रेताओं ने बताया कि गर्मी में हर कैरेट में करीब 5 किलो टमाटर खराब हो रहा है, जिससे लागत वसूलने के लिए ऊंचे दाम पर टमाटर की बिक्री करना मजबूरी है।

### कई सब्जियों की कीमतें बढ़ी

जून माह में कई सब्जियों की कीमतें बढ़ गई हैं, खासकर टमाटर, आलू और प्याज। यह मुख्य रूप से गर्मी और कम बारिश के कारण है, जिससे कुछ सब्जियों की पैदावार कम हो गई है। इसके अतिरिक्त, कुछ रिपोर्टों में यह भी बताया गया है कि मई 2025 की तुलना में जून 2025 में सब्जियों की कीमतों में वृद्धि हुई है। गर्मी पड़ने से किसानों की खेतों में लगी सब्जी की फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। सब्जी के पौधे गर्मी के कारण मुरझाना शुरू हो गए हैं। किसान सब्जी के पौधों के सूखने से बचाने के लिए लगातार सिंचाई कर रहे हैं, लेकिन तेज पछुवा हवा सब्जी और गरमा फसल को झुलसाकर बर्बाद कर रही है। किसान मिश्री लाल राजपूत के अनुसार गर्मी के प्रकोप से परवल, लौकी, नेनुआ, भिंडी, करैला, हरा मिर्च, खीरा, भिंडी, पालक पर विपरीत असर पड़ा है हरी सब्जी की उपज कम होने के कारण बाजार में हरी सब्जी के दाम भी काफी महंगे हो रहे हैं। सब्जियों पर चढ़ी महंगाई ने किचन के स्वाद को फीका कर दिया है।

## खाद्य कीमतें गिरीं, तो गांवों में महंगाई थमी

*एजेंसी. नई दिल्ली। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से पता चला है कि मार्च 2025 से शुरू होकर लगातार तीसरे महीने शहरी क्षेत्रों के मुकाबले गांवों में कीमतों में वृद्धि कम रही है। मई में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई जहां 2.59 प्रतिशत थी, वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 3.07 प्रतिशत के स्तर पर रही। इससे पहले जुलाई 2023 से शुरू होकर ग्रामीण महंगाई लगातार 20 महीनों तक शहरी महंगाई से आगे रही, लेकिन यह इस साल मार्च में पहली बार शहरी महंगाई से पीछे हुई। अर्थशास्त्री ग्रामीण महंगाई में कमी का कारण खाद्य कीमतों में गिरावट को बताते हैं, जिसका ग्रामीण सूचकांक में सबसे अधिक भार है। साथ ही वे कोर महंगाई में मामूली वृद्धि को भी इसके लिए जिम्मेदार मानते हैं, जिसका शहरी सूचकांक में अधिक भार है। ग्रामीण सूचकांक में खाद्य वस्तुओं का भार 54 प्रतिशत है, जबकि शहरी सूचकांक में यह केवल 36 प्रतिशत है, जबकि समग्र खाद्य महंगाई अप्रैल में 1.78 प्रतिशत से गिरकर मई में 43 महीने के निचले स्तर 0.99 प्रतिशत पर आ गई, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई 0.95 प्रतिशत रही।*

# बासमती चावल के लिए खतरनाक 11 कीटनाशकों की बिक्री प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बासमती चावल के लिए खतरनाक माने जाने वाले 11 कीटनाशकों पर पंजाब सरकार ने बैन लगा दिया है। इनमें एसेफेट, बुप्रोफेजिन, क्लोरपाइरीफोस, प्रोपिकोनाजोल, थियामेथोक्सम, प्रोफेनोफोस, इमिडाक्लोप्रिड, कार्बेन्डाजिम, ट्राइसाइक्लाजोल, टेबूकोनाजोल और कार्बोफ्यूरॉन नामक कीटनाशक शामिल हैं। इस संबंध में सरकार ने नोटफकिशन जारी कर दिया है। इन पर 1 अगस्त, 2025 से प्रतिबंध होगा, जो अगले 60 दिन तक कायम रहेगा। नोटिफिकेशन में पंजाब सरकार ने कहा है कि इन कीटनाशकों की बिक्री, वितरण और उपयोग पर रोक इसलिए लगाई गई है ताकि बासमती की अच्छी गुणवत्ता हो सके और एक्सपोर्ट में किसी तरह की बाधा न आए। यह किसानों और निर्यातकों के लिए खुशी की बात है लेकिन, एग्रोकेमिकल इंडस्ट्री के लिए बड़े झटके के समान है. बासमती उत्पादक कुछ

### कीटनाशकों के बैन पर सरकार ने कहा

*नोटिफिकेशन में पंजाब सरकार ने लिखा है, राज्य सरकार की राय है कि बताए गए (प्रतिबंधित) कीटनाशकों की बिक्री, वितरण और उपयोग बासमती चावल उत्पादकों के हित में नहीं है । इन कृषि-रसायनों के उपयोग के कारण बासमती चावल के दानों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अधिकतम अवशिष्ट स्तर (एमआरएल) से अधिक कीटनाशक अवशेषों का खतरा है. पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना ने पंजाब राज्य में बासमती चावल के कीटों को नियंत्रित करने के लिए वैकल्पिक कृषि रसायनों की सिफारिश की है।*

'सीआईआई वायर टेक और पाइप्स एक्सपो 2025' आज से मुंबई

उद्योग जगत के दिग्गज एक मंच पर

# 200 से अधिक अग्रणी कंपनियों की भागीदारी, भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मिलेगी नई रफ्तार

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

वायर, केबल, पाइप्स और ट्यूब्स सेक्टर की देश-विदेश की प्रमुख कंपनियों को एक ही मंच पर लाने वाला भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक आयोजन 'सीआईआई वायर टेक और पाइप्स एक्सपो 2025' बॉम्बे एक्जिबिशन सेंटर में 17 जून से शुरू होने जा रहा है । यह आयोजन 19 जून 2025 तक होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय एक्सपो, नवाचार, विनिर्माण तकनीक और नीतिगत संवाद के लिए एक प्रभावी मंच बनेगा। 5000 वर्ग मीटर से अधिक के विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र में, टाटा वायरॉन, जेएसडब्ल्यू स्टील, आरआर केबल, डसॉल्ट सिस्टम्स जैसी 200 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां अपनी नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और स्थायी समाधान का प्रदर्शन करेंगी ।इसके साथ ही रिलायंस, टाटा पावर, एलएंडटी जैसी 30 से अधिक बड़ी खरीदार कंपनियों के साथ 'वेंडर मीट्स' आयोजित की जाएंगी, जो एमएसएमई और स्टार्टअप्स को प्रत्यक्ष व्यापारिक अवसरों से जोड़ने का सुनहरा मंच साबित होंगी। इस आयोजन में सरकारी प्रतिनिधि, नीति-निर्माता, कॉर्पोरेट लीडर्स और निवेशक मिलकर भारत की औद्योगिक दिशा तय करने हेतु संवाद करेंगे। सीआईआई वायर टेक 2025 केवल एक औद्योगिक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि 'मेक इन इंडिया' और 'विकसित भारत' जैसे राष्ट्रीय अभियानों को दिशा और गति देने वाला एक नीतिगत मंच है जो भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की ओर अग्रसर करेगा।




### एक्सपो की मुख्य विशेषता

*विषयगत सम्मेलन के 8 सत्र, 50 से अधिक विशेषज्ञ और नीति-निर्माताओं की भागीदारी, तकनीकी प्रस्तुतियां, थीम आधारित चर्चाएं और सीईओ के गोलमेज संवाद होंगे। इसके अलावा चर्चा के प्रमुख विषय में गुणवत्ता और अनुपालनः बदलते वैश्विक मानकों के अनुरूप निर्माण, सीबीएएम और ग्रीन मैन्युफैक्चरिंगः सतत विकास की दिशा में उद्योग, सीईओ गोलमेजः वैश्विक कनेक्टिविटी में भारत की भूमिका, न्यूक्लियर ग्रेड ट्यूबिंगः उच्च तकनीकी इंजीनियरिंग की दिशा, 'विकसित भारत' मिशनः आत्मनिर्भरता और घरेलू विनिर्माण का विस्तार आदि शामिल होंगे।*

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

## क्रॉम्पटन को मिला 101 करोड़ रु. का सौर पंप ऑर्डर

*मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने सौर वाटर पंप क्षेत्र में अपना सबसे बड़ा ऑर्डर हासिल करके ग्रीनएनर्जी की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (एमईडीए) से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम-कुसुम) योजना के कंपोनेंटबी के तहत 101 करोड़ रुपए (जीएसटी के अलावा) का लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) हासिल किया है। इसके तहत महाराष्ट्र में 4,500 ऑफ-ग्रिड सोलर फोटो वोल्टिक वॉटर पंपिंग सिस्टम्स की डिजाइनिंग, निर्माण, सप्लाई, ट्रांसपोर्ट, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का काम शामिल है। यह महत्वपूर्ण ऑर्डर क्रॉम्पटन की भारत भर में किसानों को सशक्त बनाने वाले टिकाऊ सिंचाई समाधानों को प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*

# निसान मोटर ने नेटवर्क विस्तार को दी गति


**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान में पांच नए टचपॉइंट्स की लॉन्चिंग के साथ भारत में अपना नेटवर्क 283 कस्टमर टचपॉइंट्स तक पहुंचने की घोषणा की है। इस विस्तार से प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में सुगमता और ग्राहकों के बेहतर अनुभव पर ब्रांड के फोकस को मजबूती मिलेगी। नए लांच किए गए टचपॉइंट्स में जयपुर में एक शोरूम व अत्याधुनिक वर्कशॉप, उदयपुर में व्यापक 3एस सेंटर और अजमेर में एक नया शोरूम शामिल है। उदयपुर के 3एस सेंटर में एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स ऑपरेशंस का परिचालन होगा। नए केंद्रों का उद्घाटन निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने किया। यहां कुशल एवं उत्साही सेल्स एवं सर्विस प्रोफेशनल्स को नियुक्त किया गया है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर जयपुर, उदयपुर और अजमेर में नई डीलरशिप के उद्घाटन के साथ राजस्थान में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का हमें गर्व है। हम भारत में अपने फ्यूचर पोर्टफोलियो की लॉन्चिंग की दिशा में बढ़ रहे हैं और ये उद्घाटन उसी दिशा में हमारे नेटवर्क विस्तार के प्रयासों का हिस्सा हैं। यह सांस्कृतिक रूप से जीवंत और आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य में ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राजस्थान एक महत्वपूर्ण ऑटोमोटिव बाजार के रूप में उभर रहा है और हमारा उद्देश्य केवल वाहन उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि इनोवेशन, क्वालिटी एवं भरोसे के साथ सार्थक अनुभव प्रदान करना भी है।

### एसबीआई ने ब्याज दरों में की 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती

*नई दिल्ली । स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने लोन की ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती का ऐलान किया है। यह फैसला रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से 6 जून को रेपो रेट में 50 बेसिस पॉइंट्स की कमी के बाद लिया गया। इस कटौती से नए और पुराने दोनों तरह के कर्जदारों को सस्ते लोन मिलेंगे। एसबीआई ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी कि नई दरें लागू हो गई हैं।*

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5900



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5899 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5910

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SEMADHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5909 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# महिला वनडे विश्व कप : भारत और पाकिस्तान के बीच 5 अक्टूबर को होगी जंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत का महिला एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की।

इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए 'हाइब्रिड मॉडल' के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी (पुरुष) के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों के मारे जाने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि क्या आईसीसी भारत और पाकिस्तान के बीच राउंड रोबिन मैच का आयोजन करेगा? आईसीसी पिछले काफी समय से अपने सभी आयोजनों में भारत बनाम पाकिस्तान मैच को शामिल करता रहा है।

### 30 सितंबर को भारत का पहला मैच

आईसीसी ने सोमवार को कार्यक्रम जारी कर हालांकि सभी संदेहों को दूर कर दिया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। यह इस विश्व कप का उद्घाटन मैच होगा। टीम इसी मैदान पर 26 अक्टूबर को शुरुआती चरण के अपने आखिरी मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद इस स्थल के मैचों की मेजबानी के अधिकार खोने की अफवाहों का खंडन हो गया।



### अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा पाकिस्तान

पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के अनुसार अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। भारत के खिलाफ मैच के अलावा टीम प्रेमदासा स्टेडियम में बांग्लादेश (दो अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (आठ अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ भी खेलेंगी।

### 2 नवंबर को फाइनल

पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट में पाकिस्तान की प्रगति पर निर्भर करेगा। दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा जबकि फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। इसका फैसला भी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की स्थिति के मुताबिक होगा।

### राउंड-रॉबिन प्रारूप में मैच

भारत 2013 के बाद पहली बार इस वैश्विक आयोजन की मेजबानी कर रहा है। सभी आठ टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। इसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। मेजबान भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल किया जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश ने इस वर्ष की शुरुआत में लाहौर में क्वालीफायर के माध्यम से टूर्नामेंट में प्रवेश किया।




### भारत का कार्यक्रम

| दिनांक | टीमें | शहर |
|---|---|---|
| 30 सितंबर | भारत/श्रीलंका | बेंगलुरु |
| 5 अक्टूबर | भारत/पाकिस्तान | कोलंबो |
| 9 अक्टूबर | भारत/द.अफ्रीका | विशाखापत्तनम |
| 12 अक्टूबर | भारत/ऑस्ट्रेलिया | विशाखापत्तनम |
| 19 अक्टूबर | भारत/इंग्लैंड | इंदौर |
| 23 अक्टूबर | भारत/न्यूजीलैंड | गुवाहाटी |
| 26 अक्टूबर | भारत/बांग्लादेश | बेंगलुरु |


## खबर संक्षेप



### भारत की अंडर-23 पुरुष टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-23 पुरुष टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने सोमवार को ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के खिलाफ आगामी मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें सीनियर टीम के तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। अंडर-23 टीमः गोलकीपरः मोहम्मद अरबाज, प्रियांश दुबे, साहिल। डिफेंडरः विकास युमनाम, दिप्पेंदु बिस्वास, मुहम्मद साहीफ एपी, निखिल बारला, प्रमवीर, सुभम भट्टाचार्य, टेकचाम अभिषेक सिंह। मिडफील्डरः आयुष छेत्री, चिंगंगबाम शिवाल्डो सिंह, लालरेमत्लुआंगा फनाई, लालरिनलियाना हनामटे, मैकार्टन लुइस निकसन, मोहम्मद ऐमेन, विबिन मोहनन, विनिथ वेंकटेश। फॉरवर्डः जोसेफ सनी, मोहम्मद सनन के, पार्थिब सुंदर गोगोई, सुहैल अहमद भट, थिंगुजम कोरू सिंह।

### पांचवें स्थान पर रही टीम इंडिया एमजीडी1



**लंदन।** मुख्य रूप से भारतीय खिलाड़ियों से सजी टीम एमजीडी1 ने फिडे विश्व ब्लिट्ज टीम चैम्पियनशिप में टीम फ्रीडम को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले उसने यहां टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग का खिताब जीता था। डब्लूआर चेस ने काज़चेस को हराकर 2023 में यह प्रतियोगिता शुरू होने के बाद से अपना दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब हासिल किया। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की मौजूदगी वाली टीम एमजीडी1 ने पहले ही 16 टीमों के नॉकआउट में जगह बना ली थी। उसने पहले दौर में जेनरेशन एक्सवाइजेडए को 4-0 से हराया था।

### चेन्नई ओपन की डब्लूटीए 250 कैलेंडर में वापसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु टेनिस संघ ने सोमवार को घोषणा की कि भारत तीन साल बाद डब्लूटीए 250 टूर्नामेंट चेन्नई ओपन की मेजबानी करेगा जिसका मुख्य ड्रॉ 27 अक्टूबर से शुरू होगा।
यह टूर्नामेंट पिछली बार 2022 में डब्लूटीए कैलेंडर में शामिल किया गया था जब चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुहविर्टोवा एकल चैंपियन बनी थीं। टीएनटीए के अध्यक्ष विजय अमृतराज ने कहा, 'आखिरकार तमिलनाडु सरकार और एसडीएटी (तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण) के मजबूत समर्थन की बदौलत चेन्नई में एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल/टेनिस प्रतियोगिता को लाने के हमारे प्रयास सफल हुए।'

### 'केमिकल लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप

# अश्विन पर लगे गेंद से छेड़छाड़ के आरोप टीएनपीएल ने मदुरै पैंथर्स से मांगे सबूत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु प्रीमियर लीग में आर अश्विन की अगुवाई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

टीएनपीएल ने ऐसे में पैंथर्स से अपने आरोपों को 'पुष्ट' करने के लिए जल्द से जल्द सबूत पेश करने को कहा है। टीएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रसन्ना कन्नन ने पैंथर्स को भेजे ईमेल में लिखा, 'आरोप बाद में लगाए गए। यह बिना किसी सबूत के अटकलों पर आधारित लग रहे हैं। यह पूरी तरह से टीम के आंतरिक संचार पर आधारित प्रतीत होते हैं।' कन्नन ने आगे कहा कि मैच के दौरान या बाद में मैदानी अंपायरों या मैच रेफरी द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। पता चला है कि टीएनपीएल इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक आंतरिक समिति



### सबूत नहीं मिले तो पैंथर्स पर लगेगा जुर्माना

कन्नन ने कहा, 'अगर दावों में कोई दम है तो हम एक स्वतंत्र समिति का गठन करेंगे। बिना पर्याप्त सबूत के किसी खिलाड़ी या फ्रेंचाइजी के खिलाफ ऐसे आरोप लगाना अनुचित है। अगर कोई सबूत पेश नहीं किया जाता है, तो मदुरै पैंथर्स को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।' प्रसन्ना ने यह भी स्पष्ट किया कि टीएनपीएल ने अंपायरों के सामने गेंद सुखाने के लिए लीग द्वारा उपलब्ध कराए गए तौलिये के इस्तेमाल की अनुमति दी है। यह निर्णय लीग के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो तमिलनाडु में मानसून के मौसम के साथ मेल खाता है।

### तौलिये के स्रोत की करें जांच

पैंथर्स के सीईओ महेश एस ने टीएनपीएल को पत्र लिखकर गत चैंपियन ड्रैगन्स द्वारा गेंद से 'स्पष्ट' छेड़छाड़ का दावा किया। अपने पत्र में महेश ने टीएनपीएल के शीर्ष अधिकारियों से तौलिये के स्रोत की जांच करने को भी कहा। सलेम क्रिकेट फाउंडेशन ग्राउंड में हुए इस मैच में ड्रैगन्स ने पैंथर्स को नौ विकेट से हराया।

### अश्विन को नहीं मिला विकेट

पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 150 रन बनाए। अश्विन को कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने अपने चार ओवर में 27 रन दिए। उन्होंने हालांकि सलामी बल्लेबाज के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 49 रन बनाए और ड्रैगन्स ने 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### पहले भी विवाद में फंसे अश्विन

बता दें कि इससे पहले, 6 जून को एक मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के कारण अश्विन पर 30% मैच फीस का जुर्माना लगाया गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। बता दें कि अश्विन ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। आईपीएल में उन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेला था, लेकिन उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

## टेनिस

# क्वालीफायर मारिया ने 37 साल की उम्र में जीता क्वींस क्लब का खिताब



एजेंसी ▶▶| लंदन

जर्मन क्वालीफायर तात्याना मारिया ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट क्वींस क्लब में जीत हासिल करके अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने के साथ खुद को 'क्वीन ऑफ क्वींस' साबित किया।

दो बच्चों की 37 वर्षीय मां मारिया ने लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया ने अपनी बेटियों चार्लोट और सेसिलिया तथा अपने पति और कोच चार्ल्स एडौर्ड मारिया के सामने जीत हासिल की।
मारिया ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं एक अच्छा उदाहरण हूं कि मेरी उम्र में भी आप बड़ी ट्रॉफियां जीत सकते हैं। मुझे खुद पर बहुत गर्व है।' उन्होंने अपने चौथे डब्ल्यूटीए खिताब की राह में कैरोलिना मुचोवा, एलेना रयबाकिना और मैडिसन कीज़ सहित विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल चार खिलाड़ियों को हराया।

### भारत को अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की उम्मीद



**लंदन।** यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है। सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं।

### जबलपुर रॉयल लॉयंस को जीत की दहलीज तक ले गए राहुल बाथम

# इंदौर पिंक पैंथर्स ने 6 रन से जीता मैच

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश लीग टी20 का पांचवां मुकाबला जबलपुर रॉयल लॉयंस और इंदौर पिंक पैंथर्स के बीच शनिवार की शाम को खेला गया, जहां दोनों टीमें इस सीजन की पहली जीत के लिए मैदान में उतरी थीं। जबलपुर रॉयल लॉयंस इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में थे क्योंकि उनका पहला मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया था। वहीं इंदौर पिंक पैंथर्स की कप्तानी उनके आइकॉन खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर कर रहे थे, जबकि जबलपुर रॉयल लॉयंस की कमान एमपीएल टी20 के विजेता कप्तान सारांश जैन के हाथों में थी।

इंदौर टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया। वहीं जबलपुर टीम को शुरुआत में ही सफलता मिली जब तेज़ गेंदबाज़ अनुभव अग्रवाल ने तीसरे ओवर में इंदौर के ओपनिंग बल्लेबाज़ अर्पित गौड़ को पवेलियन भेज दिया। पहले विकेट के बाद, इंदौर टीम ने दूसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी की, लेकिन जबलपुर टीम के प्रमुख विकेट टेकर रितेश शाक्य ने 11वें ओवर में राहुल चंद्रोल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। जबलपुर टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट झटके, लेकिन इसके बावजूद इंदौर पिंक पैंथर्स ने 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 183 रन बना लिए। इंदौर की ओर से अक्षत रघुवंशी ने 46 गेंदों में 76 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं जबलपुर की ओर से सबसे सफल गेंदबाज़ धर्मेश पटेल रहे, जिन्होंने 3 ओवर में 18 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

जबलपुर रॉयल लॉयंस को जीत के लिए 184 रनों का लक्ष्य मिला था और ओपनर धर्मेश पटेल ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 28 गेंदों में 57 रन बनाए। उन्होंने



सिद्धार्थ पाटीदार के साथ मिलकर केवल 47 गेंदों में 80 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। धर्मेश के आउट होने के बाद जबलपुर टीम ने जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, लेकिन राहुल बथम ने रन चेज़ के दौरान अपना क्लास दिखाया और 36 गेंदों में 58 रन की दमदार पारी खेली, जिसमें 4 छक्के और 5 चौके शामिल थे। धर्मेश और राहुल की शानदार पारियों ने हार के जबड़ों से जीत लगभग छीन ही ली थी, लेकिन अंत में ये रोमांचक मुकाबला इंदौर पिंक पैंथर्स ने 6 रन से जीत लिया। इंदौर की ओर से अक्षत रघुवंशी को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं जबलपुर रॉयल लॉयंस के ऋतिक टाडा को उनके बेहतरीन कैच के लिए सम्मानित किया गया। जबलपुर रॉयल लॉयंस अब अपना अगला मुकाबला 16 जून को ग्वालियर चीता के खिलाफ खेलेगी।

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा । इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर नीलाम दिनांक- 24.06.2025 समय - प्रातः 09.00 बजे से

| क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| 1 | सागौन | 95.391 | 2075 | 17.320 | 1277 | 112.711 | 3352 |
| 2 | साल | 1700.323 | 300 | 3110.659 | 5099 | 4810.982 | 5399 |
| 3 | खम्हार | 15.731 | 0 | 67.914 | 399 | 83.645 | 399 |
| 4 | हल्दू | 0.000 | 0 | 11.427 | 0 | 11.427 | 0 |
| 5 | साजा | 6.172 | 0 | 41.563. | 176 | 47.735 | 176 |
| 6 | धावड़ा | 10.607 | 0 | 60.233 | 0 | 70.840 | 0 |
| 7 | सलिहा | 15.528 | 0 | 42.641 | 0 | 58.169 | 0 |
| 8 | अन्य | 300.711 | 120 | 454.402 | 644 | 755.113 | 764 |
| | योग | 2144.463 | 2495 | 3806.159 | 7595 | 5950.622 | 10090 |
| 9 | जलाऊ | 300 चट्टा | | 2048 चट्टा | | 2348 चट्टा | |

टीप- 1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं। 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

जी-25260 1582/4
वनमण्डलाधिकारी सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)

**कार्यालय उप संचालक बफर जोन वनमण्डल, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.) 481661**
Ph. No. 07642-253197.Fax. No.07642-251266 E-mail: ddknpb.mdl.@mp.gov.in

क्रमांक / लेखा / 1774
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**
दिनांक-12/06/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बफरजोन वनमण्डल कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला के कार्यालय अंतर्गत फेन्सिंग पोल के प्रदाय हेतु Mp Tender पोर्टल के माध्यम से निविदा आयोजित है। निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की साइट mpforest.gov.in एवं Mp Tender पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदाएं Mp Tender पोर्टल पर पूर्णतः ऑनलाइन प्रस्तुत की जावेंगी, किसी भी माध्यम से ऑफलाइन निविदा स्वीकार नही होगी।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | स्पेशिफिकेशन |
|---|---|---|
| 1 | RCC Fencing pole | **RCC FENCING POLES-** **TYPE**- Straight length 2.00 meter. Dimensions bottom 10 * 10 cm square, Top 8 *8 cm square. Cement Concreter Mix- Cement, Sand and metal ratio 1:2:4 With 12.5 nominal size coarse aggreget send used should be free from clay and salt. Concrete mix shall be conforming to grade M-15 of is 4996:1984 Certificate Compulsory. **Reinforcement**- 4 Round vertical bars of 6mm diameter. 11 no of stirrups of 6mm diameter round MS bares 20 cm center to center. **Hooks** - 5 no bottom hook Should be providing 60 cm above the bottom of the poles, second 82.5 cm, third hook 112.5cm, fourth hook at 150 cm, top and fifth hook at 195cm from bottom. **Standard**-Conforming to is 4996:1984 with up to date amendments. Certificate Compulsory. |
| 2 | RCC Fencing pole | **Pre-Stressed RCC FENCING POLES-** **Type**-Straight length 2.00 meter, Dimensions bottom 10x10 cm square, Cement Concrete mix- Concrete mix shall be Conforming to grade M-15 of IS 4996:1984 **Reinforcement** - There shall be 4 Nos. for Vertical reinforcement of high tensile steel wire of 4mm dia. Holes 6 Nos. bottom hole should be provided 50 cm above the bottom of the poles. The Central distance between the top and bottom holes shall be equally divided for remaining holes. J Hook shall be of 6mm dia MS Bar with proper threads at one end and nut and washer for tightening purpose. These J bolts shall be pass through the holes of Poles. **Standard**- Conforming to IS 4996:1984 With Up to date amendments. Certificate Compulsory. |

G-14419/25
"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"
उप संचालक बफर जोन वनमण्डल
कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय सिवनी**

क्रमांक/भण्डार/2025-26/4094
सिवनी दिनांक: - 13.06.2025

**निविदा सूचना प्रारूप**
**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सिवनी**

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सिवनी से वित्तीय बर्ष 2025-26 हेतु जिला चिकित्सालय सिवनी में निम्नानुसार खुली निविदा आयोजित कर दर अनुबंध किया जाना है जो कि आन लाइन www.mptenders.gov.in के माध्यम से संपादित होगी अन्य जानकारी निम्नानुसार है :-

| प्रवर्ग | निविदां ब्रिकी आरम्भ दिनांक | निविदां ब्रिकी समाप्त दिनांक | निविदा जमा करनें की अंतिम दिनांक | निविदा खुलने का दिनांक | धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला चिकित्सालय सिवनी हेतु आवश्यक सामग्री/ औषधि | 27.06.25 11.00 PM | 10.07.25 17.00 PM | 10.07.25 17.00 PM | 14.07.25 12.00 PM | रू.100000.00 |
| फायर इक्यूपमेंट रिफलिंग | 27.06.25 11.00 PM | 10.07.25 17.00 PM | 10.07.25 17.00 PM | 14.07.25 12.00 PM | रू.10000.00 |
| आक्सीजन सिलेण्डर रिफिल | 27.06.25 11.00 PM | 10.07.25 17.00 PM | 10.07.25 17.00 PM | 14.07.25 12.00 PM | रू.10000.00 |
| आर्थो-इम्प्लॉट प्रदायगी | 27.06.25 11.00 PM | 10.07.25 17.00 PM | 10.07.25 17.00 PM | 14.07.25 12.00 PM | रू.100000.00 |

निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी प्रवर्ग हेतु अलग अलग रू0 2000 होगा। निविदा की एक प्रति निर्धारित समय एवं दिनांक तक कार्यालय के आवक शाखा में जमा कराया जाना अनिवार्य होगा।

G-14409/25
"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल
अधीक्षक जिला चिकि. सिवनी






## मप्र में आईडी कार्ड लटका कर घूमेंगे हाथी

# अब हाथियों की भी होगी अपनी एक पहचान!

हरिभूमि जबलपुर।

.मप्र टाइगर और लैपर्ड स्टेट के रूप में प्रसिद्ध रहा है। प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों की पहचान और उनके व्यवहार के आधार पर कई बाघों को नाम भी दिया जाता रहा है, लेकिन अब इससे आगे बढक़र मध्य प्रदेश वन विभाग जंगलों में घूम रहे एक-एक जंगली हाथी की आईडी बनाने जा रही है। इसके लिए एलीफेंट आईडी परियोजना शुरू की गई है। इसमें सभी नर और मादा हाथियों की तस्वीर खींची जाएगी और इसके आधार पर उनकी पहचान निर्धारित कर उनकी आईडी तैयार की जाएगी।इसमें हाथी की फोटो भी होगी। प्रदेश के जंगलों में हाथियों की संख्या बढ़ रही है। ओडिशा से छत्तीसगढ़ होते हुए मध्य प्रदेश के जंगलों में हाथियों का झुंड पहुंचा और बाद धीरे-धीरे अब यह प्रदेश के जंगलों में ही रूक गए। प्रदेश के बांधवगढ़ नेशनल पार्क में हाथियों का झुंड लंबे समय से घूम रहा है। हालांकि वन्य जीव विशेषज्ञ हाथियों के इस मूवमेंट का पुराना कॉरिडोर बताते हैं। प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बढ़ती हाथियों की संख्या को देखते हुए अब वन विभाग इन सभी हाथियों की एलीफेंट आईडी बनाने जा रही है। यह आईडी ठीक वैसी ही होगी, जैसी बाघों की पहचान के लिए उनकी आईडी बनाई जाती है।

### इस तरह बनाई जाएगी हाथियों की आईडी

वन्यजीव विशेषज्ञ सुदेश वाघमारे बताते हैं कि जिस तरह बाघों की पहचान कुछ विशेष लक्षण देखकर की जाती है, इसी तरह हाथियों की आईडी भी कुछ विशेष लक्षणों को देखकर तैयार की जाती है। बाघों की पहचान उनके शरीर पर पीली काली पट्टियों को आधार पर तैयार की जाती है, क्योंकि जिस तरह हर इंसान के उंगलियों की रेखाएं अलग-अलग होती है, इसी तरह टाइगर के शरीर की रेखाएं भी अलग होती हैं। इसी तरह जब हाथियों की आईडी बनाई जाती है, तो उसके लिए हाथियों के सिर, कान, पूंछ और पीठ की तस्वीरें ली जाती है। हाथियों के इन अंगों की तस्वीरों के आधार पर उनकी कम्प्यूटर के माध्यम से एक खास आईडी तैयार की जाती है। इसके बाद हर हाथी को एक कोड नंबर दिया जाता है।

### इसलिए बनेगा हाथियों का आईकार्ड

दरअसल, मध्य प्रदेश में हाथियों की संख्या बढने के साथ ही उनका अलग-अलग क्षेत्रों में मूवमेंट बढ़ रहा है। हाथियों की आइडी बनाए जाने के बाद वन विभाग को यह पहचान करना आसान होगा कि कौन हाथी किस झुंड में है और वह किस लोकेशन में है। इससे हाथियो की निगरानी भी संभव हो सकेगी। इसके अलावा हाथियों में मादा हाथियों की अलग से पहचान हो सकेगी और इससे आगे चलकर उनसे पैदा होने वाले बच्चों की पहचान करना और उनकी आईडी जनरेट करना भी आसान होगा।

## 2 लाख 94 हजार के एक ही नंबर के नोट बरामद

# 500 के नकली नोटों के साथ पकड़ा गया युवक

हरिभूमि जबलपुर।



हनुमानताल पुलिस ने 500 के नकली नोटों के साथ मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में देर रात एक युवक को पकड़ा और उसके पास से 2 लाख 94 हजार के नकली नोट बरामद हुए।

हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर मंडी मदार टेकरी में कल देर रात एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। जो पिट्टू बैग टांगे हुए था। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम शुक्ला होटल घमापुर निवासी रवि दाहिया बताया। उसके बैग की तलाशी लेने पर 500-500 के 6 बंडल नकली नोट बरामद हुए। इन बंडलों में 5 बंडलों में 100-100 नोट और एक बंडल में 88 नोट पाए गए।

नोटों की जांच करने पर सामने आया कि कई नोटों का क्रमांक एक ही था, और गांधी जी का वाटरमार्क भी नहीं था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि नोट जाली हैं। पुलिस ने कुल 588 नग नकली नोट 500-500 रुपये के बरामद किए, जिनकी कुल राशि 2 लाख 94 हजार रुपये है।

आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 181 और 182(1) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

## कुंडम रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा

# पिकअप पेड़ से टकराई, 1 की मौत, कई घायल

हरिभूमि जबलपुर।



शाहपुरा से कुंडम लौट रहे एक परिवार की खुशियों भरी रात दर्दनाक हादसे में तब्दील हो गई जब उनकी पिकअप वाहन डिंडौरी रोड पर अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में बिष्णु कुशवाहा नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार 5-6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुंडम निवासी बिष्णु कुशवाहा अपने परिवार के 10–12 सदस्यों के साथ पिकअप (एमपी 20 जीबी 5463) से शाहपुरा रिश्तेदार के यहां पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। देर रात करीब 1 बजे वे लोग वापस लौट रहे थे कि तभी डिंडौरी रोड पर चालक को नींद का झोंका आ गया। वाहन तेज रफ्तार में था और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और सामने बैठे बिष्णु कुशवाहा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सूचना मिलने के बाद कुंडम पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक कार्रवाई करते हुए घायलों को कुंडम अस्पताल भेजा। इसके बाद शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। हालांकि हादसे का स्थल शाहपुरा और कुंडम की सीमा के बीच था, ऐसे में थाना क्षेत्र को लेकर असमंजस की स्थिति बनी, लेकिन दोनों थानों की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए समय गंवाए बिना मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। बाद में स्पष्ट हुआ कि घटना स्थल शहपुरा थाना क्षेत्र में आता है, जिसके बाद शहपुरा पुलिस ने जांच की कमान संभाल ली।

## दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने किए द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन

# माशिमं : 35 हजार विद्यार्थियों ने भरे री-टोटलिंग के आवेदन, मात्र 390 को मिली राहत, कुछ फेल से पास

हरिभूमि, जबलपुर



मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद जहां एक ओर प्रदेशभर के करीब 3.40 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। वहीं दूसरी ओर दोनों कक्षाओं के लगभग 35 हजार विद्यार्थियों ने रीटोटलिंग के लिए आवेदन भरे हैं। विद्यार्थियों ने जिस क्रम में आवेदन किए हैं, उसी क्रम में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की गई है। रिटोटलिंग के आवेदन के बाद लगभग सभी छात्रों के अंक सामने आ गए है। हालांकि इस बार बारहवीं में सिर्फ 140 व दसवीं में करीब 250 विद्यार्थियों के अंक बढ़े है। इसमें ऐसे छात्र भी शामिल है, जो फेल से पास हो गए है।

उल्लेखनीय है कि, मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 6 मई को घोषित किया गया था। दोनों कक्षाओं में 17 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें करीब पांच लाख विद्यार्थी फेल हुए है। दसवीं-बारहवीं में इस बार विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री के स्थान पर सेकंड एक्जाम का अवसर दिया गया है।

### एक गलती पर 100 रुपए का जुर्माना

10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान कुछ शिक्षक लापरवाही से उत्तरपुस्तिका की जांच करते है, इससे विद्यार्थियों के नंबर कम या ज्यादा हो जाते है। रीटोटलिंग में विद्यार्थियों के नंबर बढ़ते हैं, तो शिक्षकों पर प्रति नंबर बढ़ने पर 100 रुपए का दंड लगाया जाता है। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं-12वीं में परिणामों में असफल हुए विद्यार्थियों की द्वितीय परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा 17 जून से शुरू होगी। इस बाद माशिमं की दोनो कक्षाओं में करीब 5.10 लाख विद्यार्थी असफल हुए हैं, जिसमें से 1.75 लाख विद्यार्थियों द्वारा आवेदन नहीं किए गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट का फैसला

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना प्रकरण समाप्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए शर्मनाक बयान के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई कार्रवाई बंद कर दी है। दरअसल, मामला अब सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने 28 मई को मप्र हाईकोर्ट से निवेदन किया था कि मंत्री के खिलाफ कार्रवाई बंद कर दें। इस पर सोमवार को जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की डिवीजन बेंच ने मामला खत्म कर दिया। दरअसल, हाईकोर्ट ने मंत्री के बयान को गटर छाप बताते हुए मामले पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। हाईकोर्ट ने मंत्री के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश डीजीपी को दिए थे। इसके बाद मानपुर थाने में मंत्री के विरुद्ध एएफआईआर दर्ज की गई। अगले दिन सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को कमजोर व असंतोषजनक बताया था।

## मामा के साथ गौरीघाट नहाने गए भांजे की डूबने से मौत

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत गौरीघाट में नहाते समय पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांचघर घमापुर निवासी 22 वर्षीय हर्ष श्रीवास गत दिवस अपने मामा मयंक श्रीवास के साथ गौरीघाट में नर्मदा जी नहा रहा था, नहाते समय हर्ष गहरे पानी में चला गया, जिसे नाविकों की मदद से पानी से बाहर निकाला, जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




## जबलपुर, शहडोल संभाग में वर्षा की संभावना

# आजकल में दस्तक देगा मानसून



**जबलपुर।** बंगाल की खाड़ी से चला मानसून मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्सों में आज कल में दस्तक देगा। फिलहाल मानसून की सक्रियता महाराष्ट्र में बनी हुई है और जबलपुर संभाग में प्री मानसून की बौछारें पड़ रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान मानसून जबलपुर संभाग में सक्रिय हो जाएगा और आजकल में झमाझम बारिश होने के आसार बन रहे हैं। फिलहाल, सोमवार को दिनभर तेज धूप रही और गर्मी बनी रही। पारा 38 डिग्री पर स्थिर रहा। शाम को आसमान पर बादल छाये। दिन में दो तीन दफा बूंदाबांदी हुई। उसके बाद उमस हावी रही।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.0 सामान्य से 1 डिग्री अधिक न्यूनतम तापमान 25.0 सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 68 प्रतिशत और सायं काल 44 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.25 पर और सूर्यास्त सायं 6.58 पर हुआ। दक्षिणी पूर्वी हवाएं 5 से 6 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.05 और न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गत वर्ष आज के दिन 0.06 मिमी बारिश हुई थी और कुल वर्षा का आंकड़ा 9.2 मिमी पर पहुंच गया था। जबकि इस वर्ष कुल वर्षा का आंकड़ा 6.5 मिमी पर पहुंचा है। अगले 24 घण्टों के दौरान जबलपुर और शहडोल संभाग में जबर्दस्त मानसूनी बारिश होने की संभावना है।

## ऑनलाइन लाटरी 25 को होगी

# आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण प्रारंभ, 30 तक हो सकेगी रिपोर्टिंग

हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का दूसरा चरण 16 जून से शुरू हो गया है।

पहले चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें खाली रह गई हैं, उन स्कूलों में रिक्त सीटों की जानकारी दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित की गई है। आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वॉइस को अपडेट किए जाने का कार्य 20 जून तक किया जा सकेगा। दूसरे चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून 2025 को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल एप से एडमिशन रिपोर्टिंग 25 से 30 जून 2025 तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए नए आवेदन पंजीयन नहीं होगा और पुनः सत्यापन प्रक्रिया भी नहीं होगी।

वह आवेदक जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था, वह द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वॉइस अपडेट कर सकते हैं। जिन आवेदकों को पहले चरण में स्कूल आवंटन हुआ है, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमिशन नहीं लिया है, वह दूसरे चरण में च्वॉइस अपडेट कर सकते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### रक्षाबंधन मनाने लाड़ली बहनों को अगले महीने दी जायेगी 250 रूपए की अतिरिक्त राशि

# लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सरकार संकल्पित : मुख्यमंत्री







**जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों को मान-सम्मान और उन्हें वाजिब हक दिलाने में राज्य सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने, सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि प्रदान करने के लिए हमारी सरकार द्वारा हर महीने खातों में राशि भेजकर बहनों का रक्षाबंधन मनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में लाड़ली बहनों 250 रूपए अतिरिक्त दिये जायेंगे, ताकि बहनें उत्साह पूर्वक त्यौहार मना सकें।**

## मुख्यमंत्री ने बेलखेड़ा को शासकीय महाविद्यालय की दी सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को बरगी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शहपुरा विकासखंड के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। सम्मेलन में सांसद आशीष दुबे, विधायक नीरज सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, जिला पंचायत श्रीमती आशा गोंटिया, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा के जबलपुर महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोटिया, पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिभा सिंह भी मंचासीन थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में लाडली बहना योजना की प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाभार्थी बहनों के खाते में 1250 रुपये के मान से 1 हजार 551 करोड़ 44 लाख रुपये की जून माह की किश्त सिंगल क्लिक से अंतरित की। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की यह 25 वीं किश्त थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख 68 हजार हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि, 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपए की राशि तथा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों की 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि भी अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण करने के साथ ही करीब 22 करोड़ 44 लाख रूपये के विकास कार्यों का भी लोकार्पण और भूमि-पूजन किया।

### बहनों के आशीर्वाद से धन्य हुई जिंदगी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बहनों का आशीर्वाद मिल जाए तो जिंदगी धन्य हो जाती है। उन्होंने कहा कि भाई अकेले अपने घर को गौरवान्वित करता है जबकि बहनें ससुराल और मायके दोनों घरों का गौरव बनती हैं। उन्होंने कहा कि माताएं और बहने घर परिवार के लिए समर्पण करती हैं और परिवार में बच्चों को बड़ा करने में माताओं और बहनों की भूमिका देवतुल्य होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की गौरवशाली संस्कृति रही है। हमारे यहां सात जन्मों के कसमों के साथ विवाह की रस्में होती हैं।

### गरीबों को मिल रहा निःशुल्क खाद्यान्न

उन्होंने रेडीमेड गारमेंट के माध्यम से व्यवसाय में काम करने वाली बहनों को 5 हजार रूपए अलग से देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कोदो - कुटकी खरीदने पर प्रति क्विंटल 1 हजार रुपए का बोनस देना प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत प्रति व्यक्ति के माध्यम से 1 करोड़ 33 लाख परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न देने का काम भी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई, लिखाई की जवाबदारी सरकार निभा रही है। उन्होंने कहा कि अगले महीने मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और स्कूटी भी प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने सांदीपनि विद्यालयों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां सभी प्रकार के पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के साथ साथ खेलकूदो के प्रोत्साहन देने का काम सरकार कर रही है।

### बेलखेड़ा में खोला जायेगा महाविद्यालय

#### शहपुरा में एसडीओपी की होगी पदस्थापना

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में बरगी विधायक नीरज सिंह की मांग पर बेलखेड़ा में शासकीय महाविद्यालय प्रारम्भ करने, शहपुरा में अनुविभागीय राजस्व कार्यालय व शासकीय कर्मचारियों के आवास के निर्माण तथा शहपुरा में एसडीओपी की पद स्थापना की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान हल ही में अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना में मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सभास्थल में उपस्थित जनसमूह से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास के संकल्प में सहभागी बनने हाथ उठाकर एवं मुट्ठी बांधकर संकल्प भी दिलाया।

### सबको पक्का आवास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, पहाड़ और नगर में रहने वाले कच्चे और टूटे छत के मकान में रहने वाले सभी लोगों को पक्का मकान देने का काम किया है। प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना से हमारी माताओं और बहनों की आंखों को धुएं से मुक्ति दिलाने का काम भी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस रिफिलिंग के तहत अनुदान के तौर पर प्रदेश की 27 लाख से अधिक बहनों के खाते में भी आज 39.14 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री श्री मोदी की पहल पर जल जीवन मिशन के तहत अब हर घर नल से जल पहुंच रहा है। जिससे माताओं और बहनों को कुंए और दूर दराज के जल स्त्रोतों से पानी लाने के कष्ट से निजात मिला है। मुख्यमंत्री ने माताओं और बहनों के लिए प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी कई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अब सेना में भी बेटियों को बराबरी का दर्जा मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहनों की जिंदगी को बेहतर करने मध्यप्रदेश सरकार प्रति महीन साढ़े पंद्रह सौ करोड़ रुपया अंतरित करती है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल के अंदर 30 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि बहनों को दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इंदौर की लाडली बहना गंगा द्वारा लाडली बहना की राशि बचाकर सिलाई मशीन व किराना दुकान के माध्यम से अर्जित आय से बेहतर जिंदगी जीने का जिक्र किया।

### मातृशक्ति को मजबूत बनाने लगातार हो रहे कार्य : सांसद

सांसद आशीष दुबे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मातृशक्ति को मजबूत करने के कार्य लगातार हो रहे है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के मामले में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### मुख्यमंत्री का आगमन बेलखेड़ा के लिए एतिहासिक दिनः विधायक नीरज सिंह

सम्मेलन को संबोधित करते हुये बरगी विधायक श्री नीरज सिंह ने बेलखेड़ा आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बरगी विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से स्वागत किया। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताते हुये कहा कि यह पहली बार है कि प्रदेश के किसी मुख्यमंत्री का बेलखेड़ा क्षेत्र में आगमन हुआ है। विधायक श्री सिंह ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा एक हजार करोड़ रुपये की बड़ादेव सिंचाई परियोजना को दी गई स्वीकृति के साथ ही पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान हुये बरगी विधानसभा क्षेत्र में हुये बड़े विकास कार्यों की फेरहिस्त गिनाई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहे मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में जिस तरह प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है, बरगी विधानसभा क्षेत्र का भी उसी गति से विकास होगा। विधायक श्री सिंह ने शहपुरा में महाविद्यालय खोलने सहित सहित कई मांगे भी मुख्यमंत्री के समक्ष अपने संबोधन में रखी।



### अंध-मूक चौराहे पर काफिला रुकवाकर मुख्यमंत्री ने शंकर चाट भंडार में पी चाय

बेलखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन शामिल होने के बाद सड़क मार्ग से डुमना विमानतल के लिए रवाना हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भेडाघाट बायपास रोड स्थित अंध-मूक चौराहे पर अपना काफिला रुकवाया और सड़क किनारे लगे स्टॉल शंकर चाट भंडार में चाय की चुस्कियां लीं। सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष ग्रामीण राजकुमार पटेल, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर भी उनके साथ थे।






## नए मोहल्ला क्षेत्र के टपरे में आग लगी

जबलपुर।

नया मोहल्ला क्षेत्र में सोमवार सुबह एक टपरे में अचानक आग लगने की घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में टपरे के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया, हालांकि गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच गई, जिससे आग को फैलने से पहले ही काबू कर लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नया मोहल्ला मोड़ पर मुन्ना चौधरी नामक व्यक्ति का एक छोटा सा टपरा है, जिसमें वह कुशन, सीट कवर आदि की मरम्मत और निर्माण कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। सोमवार की सुबह, शॉर्ट सर्किट की वजह से टपरे में आग लग गई।आग की लपटें उठती देख स्थानीय निवासियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी और स्वयं भी आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। कुछ ही मिनटों में दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया शिविर

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर निराश्रित वृद्धाश्रम मेडिकल रोड में विधिक जागरुकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शक्ति वर्मा द्वारा कार्यकम में उपस्थित वृद्धजनों को बताया कि अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हर वर्ष 15 जून को मनाया जाता है। यह बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उपेक्षा को उजागर करने और इसके विरुद्ध कार्यवाही करने में हमारी मदद करने के लिये विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यदि आपके साथ कोई दुर्व्यवहार होता है तो इसकी सूचना हमें दे, हम न्याय अनुसार आपकी मदद करेंगे। इसके साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सिविल अस्पताल रांझी की लैब टैक्नीशियन आरती लोधी व नरेन्द्र कुमार द्वारा वृद्धजनों की सीबीसी आरसीबीएस व लिपिड प्रोफाईल टेस्ट किए गए। आश्रम की अधीक्षिका रेवेन्दु सिंह, अनुज शर्मा, अमर बर्मन व अजय महोबिया शामिल रहे।

### 4 हजार 500 रूपये जप्त

## सट्टे के अवैध कारोबार में लिप्त 2 सटोरिये गिरफ्तार

जबलपुर।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संगठित जुआ, सट्टा खिलाने वालों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी. नागोतिया एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध उदयभान बागरी के मार्ग दर्शन में क्राईम ब्रांच एवं थाना गोरखपुर की गठित टीम द्वारा 2 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथ पकडते हुये 4 हजार 500 रूपये जप्त किये गये है। थाना प्रभारी गोरखपुर नितिन कमल ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि रामपुर मस्जिद के पास गोरखपुर में एक अज्ञात व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिख रहा है, सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना गोरखपुर की टीम द्वारा दबिश दी रामपुर मस्जिद के पास मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति सट्टा लिखते खडा दिखा जिसे घेराबंदी कर पकडा जिसने पूछताछ पर अपना नाम सचिन सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी शुक्रवारी बजरिया फूटाताल हनुमानताल बताया, तलाशी लेने पर सट्टा पट्टी एंव नगद 4 हजार 500 रूपये रखे मिला सट्टा के सम्बंध में पूछताछ करने पर अज्जू उर्फ अजय कुरैशी उम्र 33 वर्ष के कहने पर 500 रूपये प्रतिदिन मजदूरी पर सट्टा लिखना तथा शाम को पूरा हिसाब अज्जू उर्फ अजय कुरैशी को देना बताया। सटोरिये अज्जू की तलाश करने पर अज्जू अपने घर के पास घूमते मिला जिसे अभिरक्षा मे लेते हुये पूछताछ करने पर सट्टा खिलवाना स्वीकार किया। सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट एवं 49 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सटोरियों को पकडने में थाना प्रभारी अपराध शैलेष मिश्रा के निर्देशन में क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक नरेश पासी, प्रधान आरक्षक अखिलेश पाण्डे, राजेश पाण्डे, आरक्षक गोविंद प्रसाद राय एवं थाना गोरखपुर अंतर्गत चैकी रामपुर प्रभारी प्रभाकर सिंह के निर्देशन मे प्रधान आरक्षक विजय पाठक, की सराहनीय भूमिका रही।

### 530 ग्राम गांजा जप्त

जबलपुर। गौरीघाट थाना अतंर्गत भटोली बायपास में पुलिस गश्त के दौरान मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 530 ग्राम गांजा जब्त किया है। गौरीघाट पुलिस थाना प्रभारी सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि गत दिवस पुलिस गश्त के दौरान गत रात भटोली बायपास की ओर जाते समय रास्ते में बादशाह हलवाई मंदिर गली नंबर 3 गौरीघाट निवासी 18 वर्षीय अभिषेक चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से थैले में रखे 530 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी अभिषेक चौधरी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## बीच रोड से गायब हो गए सीवर लाइन के ढ़क्कन

**जबलपुर।** शहर की सड़कें अब जानलेवा हो गई हैं। उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा में तो कई ऐसे मार्ग है, जहां पर सीवर चेंबर तो कहीं पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोद दिया जाता है। सबसे बुरे हालात सीवर चेंबरों के हैं। कई जगह तो ये खुले पड़े हैं, तो कुछ जगह इनके ढक्कनों में से लोहे के तार गायब हो गए हैं। इससे वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। दिन में तो वाहन चालक इन खतरों को देख लेते हैं, लेकिन रात के समय गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। मप्र मानव अधिकार आयोग ने इस सम्बंध में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लिया है। आयोग ने कलेक्टर एवं नगर निगम के आयुक्त से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय की प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के आधार पर आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में स्वतः संज्ञान लेकर प्रकरण की सुनवाई की गई। सदस्य राजीव कुमार टण्डन की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर जिम्मेदार अधिकारियों को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## आम आदमी पार्टी ने जनता की आवाज बन सौंपा ज्ञापन

# सिहोरा के आधार सेवा केन्द्रों में भारी अव्यवस्था का आलम

- आधार कार्ड बनवाने में आ रहा पसीना
- अधिकारी एंव जनप्रतिनिधियों ने साधी चुप्पी



हरिभूमि सिहोरा।

आम आदमी पार्टी सिहोरा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा कार्यालय में नायब तहसीलदार को कलेक्टर के नाम सौपे ज्ञापन में कहा गया कि आधार कार्ड बनवाने और उसमें सुधार करवाने के लिए जनता को भारी अव्यवस्थाओं और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिहोरा एवं खितौला के अधिकांश आधार सेवा केंद्र लंबे समय से बंद हैं जो संचालित हो रही है पूरी तरह अव्यवस्थित तरीके से संचालित हो रहे हैं। इस भीषण गर्मी में नागरिक, विशेषकर वृद्धजन,महिलाएं,बच्चे और छात्र छात्राएं आधार से जुड़ी बुनियादी सेवाओं के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

### जनता की परेशानी से नेताओं, अधिकारियों को मतलब नहीं

पुराना बस स्टेंड स्थित पोस्ट ऑफिस एवं बी.एस.एन.एल.कार्यालय में आधार सेवाओं के लिए सुबह 6 बजे से लंबी लाइनें लगना आम हो गया है। लेकिन अफसोसजनक बात यह है कि 9:30 बजे तक भी केंद्र के कर्मचारी उपस्थित नहीं होते। तहसील कार्यालय के दोनों लोक सेवा केन्द्रों,शासकीय अस्पताल,म.प्र.ग्रामीण बैंक में टेक्निकल इश्यू का हवाला देकर सेवा पूरी तरह बंद कर दी गई है। जिससे लोगों को निराश लौटना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति गंभीर है जहां सेवा केंद्रों की संख्या नगण्य है, और वहाँ भेजे गए लोग तकनीकी कारणों या मशीन की अनुपलब्धता के नाम पर लौटा दिए जाते हैं।

### समस्या को हल कराने नेताओं ने रुचि नहीं दिखाई

वर्तमान में जब इस ज्वलंत समस्या को हल कराने में भाजपा एंव कांग्रेस के नेताओं में कोई रुचि समझ में नहीं आ रही है तब ऐसे समय में आम आदमी पार्टी सिहोरा इस जन-पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए वह जनता की आवाज बनी इसके प्रभारी संतोष वर्मा ने कहा कि आधार जैसी बुनियादी और अनिवार्य सेवा के लिए भी यदि नागरिकों को धूप में घंटों खड़ा रहना पड़े,ऐसा दस्तावेज मांगे जायें जो मिलना संभव नहीं है या बहुत अधिक परेशानी के बाद प्राप्त हो सकते है । तो यह प्रशासन की गंभीर नाकामी है। जब हर योजना, बैंक, स्कूल, राशन व पेंशन में आधार अनिवार्य है तो यह सुनिश्चित करना सरकार/प्रशासन की जिम्मेदारी है कि इसकी सेवा सुचारू रूप से चले। लेकिन दुर्भाग्य से सिहोरा में तस्वीर इसके विपरीत है जनता की समस्याओं से जब अधिकारियों एंव जनप्रतिनिधियों को मतलब नहीं है तो आप ने इस मुद्दे को उठाया है। पार्टी ने मांग की है कि सभी बंद आधार केंद्र चालू हो,उनमें पर्याप्त कर्मचारियों नियुक्त हो,पीने का पानी छाया और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, टोकन प्रणाली पारदर्शी व डिजिटली व्यवस्थित की जाए जिससे दलाल प्रथा पर रोक लगे, शिकायतों के समाधान हेतु हेल्पलाइन नम्बर जारी किए जायें आदि शामिल हैं। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के संजय पाठक,मुन्ना राय,संतोष वर्मा,संगीता विश्वकर्मा,तस्लीम बानो,जमुना प्रजापति,अमित विश्वकर्मा,अभिषक पटैल,प्रमोद सिंह ठाकुर,गुलाब सिंह मरकाम,अमजद मंसूरी,प्रवीण पटैल,जितेन्द्र श्रीवास,राजेश तिवारी ,मोहन सोधिया आदि उपस्थित थे।



## महर्षि सुदर्शन चिंतन पत्र का विमोचन

**जबलपुर।** सामाजिक नेता पुरुषोत्तम पछेल ने महर्षि सुदर्शन समाजिक चिंतन पत्र का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पत्र पत्रिकाएं समाज में मार्गदर्शक का काम करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र राठौर ने की। इस अवसर पर महर्षि सुदर्शन सामाजिक चिंतन पत्र के लेखक श्याम नारायण बिरहा, रवि जानोकर, अनिल ठकुराशी, सुखदीन कटारे, गोविंद तिलंगा, मनोहर रान, पुरुषोत्तम पछेल, भोला महात्मा, नंदलाल चौहटेल, पवन राना, देवदास अर्खेल आदि उपस्थित थे।

### गोरा बाजार-गढ़ा-कटंगी में वारदातें

## अवैध वसूली करने की मारपीट

**जबलपुर।** गोराबाजार थानान्तर्गत सीता पहाड़ बजारिया में दोस्त की बर्थडे पार्टी में साउंड बाक्स बजाकर एंजाय कर रहे साथियों से बर्थ डे मना रहे दोस्त ने शराब पीने रूपए की मांग कर अपने साथियों के साथ डंडे से मारपीट कर चोटें पहुंचायी। गोरा बाजार पुलिस ने बताया कि नयीं बस्ती कजरवारा निवासी राम सुमिता मतेल के दोस्त सिद्धार्थ बरसे के मोबाईल फोन पर निहाल पाण्डे ने बर्थ डे पार्टी का निमंत्रण दोस्तों को दिया था। सिद्धार्थ ने रामसुमिता से कहा कि जन्मदिन की पार्टी में सीता पहाड़ बजारिया चलना हैं। चिंटू मेहरा, हर्ष बरसे, अनिक मेहतो भी निहाल पाण्डे की जन्मदिन की पार्टी में उसके घर सीतापहाड़ बजारिया पहुंचे जहां साउंड बाक्स में सभी गीत संगीत का आनंद ले रहे थे इस बीच निहाल पाण्डे रामसुमिता मतेल के पास आकर एक बोतल शराब पीने के लिए रूपए मांगने लगा मना करने पर निहाल गुस्से से भर गया और उसने गाली-गलौज कर डंडे से हमला कर कंधा मुंह में चोटें पहुंचा दी मुंह में चोट आने से रामसुमिता को दो दांत टूट गये। निहाल ने बीच बचाओं करने आये हर्ष बरसे व अनिक मेहतो पर भी डंडे से हमला कर चोटें पहुंचायी।

### पड़ोसी ने प्रौढ़ से की मारपीट

कटंगी थानान्तर्गत ग्राम बक्स बाही में अरविंद यादव के पड़ोसी नंद किशोर यादव ने आने जाने की जगह पर जबरन गुण्डा गर्दी कर अपना भूसा रख दिया है । मना करने पर कल सुबह नंदकिशार अरविंद के घर के दरवाजें में लात मारकर अंदर घुसकर बोला कि मैने जहां भूसा रखा है वहीं रहेगा। दस हजार रूपए दो तो भूसा हटा लेगा। मना करने पर नंदकिशोर ने अरविंद के साथ हाथा पायी कर उसकी पीठ व पसली में चोटें पहुंचायी।

### अवैध वसूली करने लोहे की पट्टी से हमला

गढ़ा थानान्तर्गत कल दोपहर लगभग डेढ़ बजे बैन मोहल्ला रामपुर निवासी दीपेश यादव अपने दोस्त राजू बैन के साथ मेडिकल कॉलेज से पैदल तिलवारा की ओर जा रहा था तभी मेडिकल के आगे उसे नरबद बाल्मीक मिला जो मैं यहां का गुण्डा हूं कहते हुए एक हजाररूपए मांगने लगा। रूपए देने से मना करने पर वह गाली गलौज करने लगा। गालियां देने से मना किया तो उसे लोहे की पट्टी से हमला कर दीपश के सिर में चोट पहुंचायी है।



**जबलपुर।** थाना घमापुर अंतर्गत सूने मकान का ताला तोडकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार। चुराई हुई सोने की बाली एवं इलेक्ट्रानिक सामान कीमत करीब 1 लाख 15 हजार रूपये किया जप्त।

## कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित

**पाटन।** किसी भी संगठन की नींव उसका निष्ठावान कार्यकर्ता होता है। कांग्रेस को देश व प्रदेश में सत्ता में आने के लिए इन्हीं कार्यकर्ता का सहयोग चाहिए। यह बात कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम में आए कांग्रेसियों ने व्यक्त किए। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पाटन विधानसभा के ब्लाक पाटन मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्वेक्षक रवि बहादुर विधायक (हरिद्वार) प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा पूर्व मंत्री,रजनीश सिंह विधायक (क्योलारी) जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण डॉ.नीलेश जैन, पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष विष्णुशंकर पटेल,पूर्व जनपद अध्य्यक्ष ठा.विक्रम सिंह, राजेश तिवारी (गुरु)शिवराम पटेल, सोनेलाल पटेल, रामविनय करसोलिया, संजय गुरु, राजकिशोर पटेल, संजय यादव, प्रदीप पटेल (जिला सदस्य) संदीप गुरु



(नगर अध्यक्ष) अशोक पुरी, दुर्गेश पटेल, धीरज सिंह,बब्बू यादव, राजेश तिवारी, प्रदीप पटेल (सरपंच) अमजद खान (पार्षद) रवि जैन, आशीष तिवारी, अरविंद सिंह, पप्पू सिंह, आशीष वैद्य, रोमिल जैन, सप्तऋषि राजोरिया, प्रशांत शर्मा, सारांश भुर्रक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मुहर्रम के पहले विद्युत व्यवस्था दुरस्त करने की मांग

**जबलपुर।** जिला मुख्यालय से करीब 16 किलो मीटर दूर पनागर में बिजली की समस्या ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है. कब बिजली गुल हो जाए, कब लो वोल्टेज और कब ट्रांसफार्मर साथ छोड़ दें कोई भरोसा नहीं है. सबसे बुरे हाला मौलाना आज़ाद वार्ड के हैं. इस वार्ड को तो मानो बिजली विभाग ने बिल्कुल उपेक्षित छोड़ दिया है. दस दिवसीय मुहर्रम का पर्व करीब है लेकिन विधुत व्यवस्था पूरी तरह छिन्न भिन्न है. नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल के नैतृत्व में नागरिकों ने विधुत मण्डल के अधीक्षण यंत्री और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गयी है कि मुहर्रम से पहले विधुत लाईन सुधारी जाए, बिजली गुल ना करके नियमित रूप से विधुत आपूर्ति की जाए और लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए. इस मौके पर पार्षद बाबू खान, पार्षद मंजूर अली, अयूब खान, राजा श्रीवास्तव, ख़्वाजा खान, सुल्तान खान, हनीफ़ खान, कैशू खान, अल्ताफ़ अली, अनस खान, हुसैन शाह, रेहान अली, तालिब खान, वसीम खान, नासिर होटल, तौसीफ़ बेग सहित कई नागरिकों ने अधिकारियों को रोज़ाना की समस्या से अवगत कराया।

## पुरानी रंजिश पर युवक पर चाकू से हमला बीचबचाव करने वाले भी 3 घायल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत पावर हाउस के पास पुरानी रंजिश पर बदमाशों ने एक फालूदा दुकान संचालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। वहीं बीचबचाव करने आए दो युवक व एक महिला के साथ भी मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पावर हाउस के बाजू में स्थित दीदी होटल संचालक राजीवगांधी नगर गली नंबर 3 माढ़ोताल निवासी 20 वर्षीय अभिषेक चौधरी को गत रात लगभग 10 बजे मोहित विश्वकर्मा ने फोन कर बताया कि उसकी फलूदा की दुकान के पास कुछ लड़के घूम रहे हैं उसे शक है कि कोई विवाद करेंगे, तो अभिषेक ने मोहित विश्वकर्मा से कहा कि अपनी फलूदा की गाड़ी उसकी होटल के पास मे लगा लो तो मोहित अपनी



फलूदा की गाड़ी लेकर अभिषेक की होटल के सामने लगा लिया, उसके बाद रात लगभग 10.30 बजे अमन पासी, प्रियांश सोनी एवं उनके अन्य साथी उसकी होटल के सामने आए और पुरानी रंजिश पर मोहित विश्वकर्मा को गालियां देने लगे, गालियां देने से मना करने कर अमन पासी एवं प्रियांश सोनी ने बीयर की बाटल तथा उनके साथी ने चाकू से मोहित के चेहरे, गले , सिर, कान के पीछे जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। अभिषेक और उसके छोटे भाई अरुण चौधरी, मां अंजली चौधरी ने बीच बचाव किया तो अमन पासी, प्रियांश सोनी तथा उनका एक अन्य साथी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मारपीट के दौरान अभिषेक और अरुण के सिर व पीठ पर और मां अंजली के दोनों हाथ में चोटें आ गईं हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 109, 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## कार की टक्कर से 2 युवक घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत व्हीकल मोड के पास मटन मार्केट के सामने रोड किनारे खड़े दो दोस्तों को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों दोस्त घायल हो गए। वहीं कार ने खड़ी गाड़ियों को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजपुर शंकर टोला निवासी 30 वर्षीय शुभम हरदुआ गत रात लगभग 9.30 बजे अपने साथी रोहित रैकवार के साथ व्हीकल मोड़ के पास मटन मार्केट के सामने रोड़ किनारे खड़ा था तभी पीछे से महाराजपुर तरफ से सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 19 एए 9900 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते उसे एवं उसके दोस्त रोहित रैकवार को टक्कर मार दिया तथा वहां पर खड़ी गाड़यिों को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। एक्सीडेण्ट से उसके हाथ, पैर एवं रोहित रैकवार को सिर एवं मुंह में चोटे आ गयी है। रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बेलगाम कार की टक्कर से भिखारी घायल

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत रतननगर रोड में रोड किनारे बैठकर भीख मांग रहे एक अंधे भिखारी को कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक मौके पर ही कार छोड़कर भाग गया। भिखारी को सिर व हाथ, पैरों में चोटें आई है। जिसे इलाज के लिए उसके भाई ने मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया है। गढ़ा पुलिस ने बताया कि इंद्राबस्ती गढ़ा निवासी फूल सिंह ठाकुर दोनों आंखों से अंधा है। वह रतननगर रोड के किनारे बैठकर भीख मांगता है। कल फूल सिंह का भाई पिंटू ठाकुर अपने दोस्त गुलाब सिंह के साथ घर से पैदल एलआईसी सामान लेने जा रहा था। तभी उसने देखा कि एलआईसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 20 एफए 1446 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए फूल सिंह को टक्कर मार दी। घटना में घायल फूल सिंह को उसके भाई ने मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया है।

## 2 लाख लाने नवविवाहिता को प्रताड़ना

**जबलपुर।** बेलबाग थानांतर्गत लालमाटी सिद्धबाबा गणेश चौक घमापुर में रहने वाली एक नवविवाहिता को दहेज में मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ना दी जा रही है। आरोपी पति, सास, ससुर पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बेलबाग पुलिस ने बताया कि बंगाली कालोनी प्रेमसागर चौकी निवासी श्रीमती रागिनी बंशकार की शादी अप्रैल 2024 में बंशकार मोहल्ला बेलबाग निवासी नवीन बंशकार के साथ हुई थी। शादी में पर्याप्त दानदहेज देने के बावजूद ससुराल वाले 16 दिन बाद से ही प्रताड़ति करने लगे। पति शराब पीकर रागिनी के साथ मारपीट करता था। गत वर्ष 12 मई को पति नवीन, सास कुसुम बंशकार, ससुर रवि बंशकार कम दहेज देने का ताना मारकर नवविवाहिता रागिनी को परेशान करने लगे। सास, ससुर भी मारपीट में पति का पक्ष लेने लगे। एक दिन सास, ससुर ने कहा कि जब तक मायके से दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल नहीं लेकर आओगी तुम्हें नहीं रखेंगे। सामाजिक पंचायत के माध्यम से समझाने के बावजूद ससुराल वालों की आदतों में सुधार नहीं आया। गत 6 मई को रागिनी ने पति से फोन पर बात की तो पति ने उसे साथ में रखने से मना कर दिया।

## गालीगलौज करने से मना करने पर बदमाशों ने की मारपीट

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत अमननगर रांझी में घर के सामने गालियां देने से मना करने की बात पर दो अज्ञात बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे घसीट दिया और डंडे से हमला कर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमन नगर रांझी निवासी 30 वर्षीय सफाई कर्मचारी आकाश मेहतो गत रात लगभग 11 बजे अपने घर के सामने बैठा था तभी दो अज्ञात व्यक्ति घर के सामने से गाली गलौज करते हुये निकल रहे थे जिन्हें गालियां देने से मना किया तो उस समय दोनों वहां से चले गये, फिर कुछ देर बाद डंडा लेकर आये और दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर डंडे से मारपीट कर उसे घसीट दिये तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से उसके सिर हाथ एवं शरीर में चोटें आयीं हैं। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पत्रकार जगदीप सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री ने शोक व्यक्त किया



**सिहोरा।** खितौला वार्ड क्रमांक 13 निवासी वरिष्ठ पत्रकार जगदीप सिंह बैंस के आकस्मिक निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के साथ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह,पंचायत एंव ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री प्रतिमा बागरी, संपतिया उइके, डॉ राजेश मिश्रा, रजनीश अग्रवाल, अरुण सुभाष चन्द्र यादव, प्रदेश मिडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, राहुल कोठारी, डॉ कृष्णपाल सिंह यादव, सिहोरा विधायक संतोष बरकडे, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे आदि ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सिमरन सिंह शुक्ला को मातृ-शोक

**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जबलपुर जिलाध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला की माँ श्रीमती शांतादेवी सिंह पति स्वर्गीय ओमकार नाथ का स्वर्गारोहण सोमवार की सुबह 8 बजे हो गया है। वे जगदीश सिंह,सुधा सिंह,उषा सिंह,सिमरन सिंह की मां एवं संतोष व अमित की सास थीं। अंतिम यात्रा आज 17 जून दोपहर 12 बजे निज निवास 901 शक्ति नगर से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।



**श्री आशीष कुमार कठेरिया-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री आशीष कुमार कठेरिया (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिवकुमारी पैगवार-** शीतलामाई निवासी श्री बालखंडी पैगवार की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकुमारी पैगवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र सिंह बघेल-** ओम कला मंदिर रोड चांदमारी लालमाटी निवासी श्री राजेंद्र सिंह बघेल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र नामदेव-** हनुमानताल निवासी श्री मेवालाल नामदेव के पुत्र श्री जीतेंद्र नामदेव (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुरील-** संजय गांधी नगर टीवी टावर कटंगा केंट निवासी श्री मोतीलाल कुरील के पुत्र श्री राजेंद्र कुरील (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश कुमार जैन-** साठिया कुंआ निवासी श्री राजेश कुमार जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती काशी बाई-** शिवराज चौहान नगर ललपुर रोड निवासी श्री जगदीश प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती काशी बाई (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हर्ष श्रीवास-** चांदमारी ओम कला मंदिर रोड लालमाटी निवासी श्री उमेश श्रीवास के पुत्र श्री हर्ष श्रीवास (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीलम चतुर्वेदी-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री संजय चतुर्वेदी की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम चतुर्वेदी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण कुमार रैकवार-** खटीक मोहल्ला बड़ी खेरमाई निवासी श्री अरूण कुमार रैकवार (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बीजी कुमार-** रेसीडेंसी रोड हैड पोस्ट आफिस के पास साउथ सिविल लाइन निवासी श्री बीके रामाकृष्णन के पुत्र श्री बीजी कुमार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हुब्बी लाल-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री हुब्बी लाल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्रीमती कमला बाई-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री रामनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर चौधरी-** राजेंद्र नगर बाबा टोला चौपड़ा कुआं निवासी श्री कमलेश चौधरी के पुत्र श्री शंकर चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुकेश साहू-** समदड़िया कॉलोनी कांचघर निवासी श्री देवी प्रसाद साहू के पुत्र श्री मुकेश साहू (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश श्रीवास-** घाना खमरिया निवासी श्री राकेश श्रीवास (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अनिल कुमार परदेसी-** नर्मदा काशी कुंज कॉलोनी रामपुर निवासी श्री अनिल कुमार परदेसी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा श्रीवास्तव-** न्यू कंचनपुर गांधी नगर अधारताल निवासी श्री रामजी लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती उषा श्रीवास्तव (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
...संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-

**खबर संक्षेप**

## डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे बढ़कर 86.03 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की मजबूती के साथ 86.03 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक कच्चेतेल की कीमतों में गिरावट, कमजोर होते डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के रुख के कारण रुपये में यह तेजी आई।

## एनएसई ने अदाणी ग्रीन को ईएसजी में शीर्ष रेटिंग दी



**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है। एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है।

## ओसवाल पंप्स को दूसरे दिन मिला 1.12 प्रतिशत अभिदान



**नई दिल्ली।** ओसवाल पंप्स के 1,387 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पेशकश के दूसरे दिन सोमवार को को अब तक 1.61 गुना अभिदान मिला है। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शेयर बिक्री में 1.62 करोड़ (1,62,12,980) शेयर के मुकाबले लगभग 2.61 करोड़ (2,61,58,080) शेयर के लिए बोलियां प्राप्त हुईं।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज आवासीय परियोजना करेगी विकसित




**मुंबई।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरू में 14 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए एक जमीन मालिक के साथ साझेदारी की है। कंपनी को इस परियोजना से 1,500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। वह पूर्वी बेंगलुरु के होस्कोटे में 14 एकड़ जमीन पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करेगी।

## अल्फाग्रेप को म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए मंजूरी



**नई दिल्ली।** निवेश कंपनी अल्फाग्रेप सिक्योरिटीज ने सोमवार को कहा कि उसे म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए सेबी से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। बयान में कहा कि यह मंजूरी अल्फाग्रेप की भारत में व्यापक खुदरा और संस्थागत निवेशक आधार के लिए अपनी डेटा और प्रौद्योगिकी आधारित निवेश क्षमताओं को बढ़ाने में मील का पत्थर है।

## ग्रेनस्पैन ने एथनॉल संयंत्रों पर 520 करोड़ किया निवेश



**अहमदाबाद।** केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की ब्याज सब्सिडी योजना से मिले लाभ के बल पर ग्रेनस्पैन न्यूट्रिएंट्स ने अहमदाबाद में दो अनाज आधारित एथनॉल संयंत्र स्थापित करने के लिए 520 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी अब पेट्रोल के साथ मिश्रण के लिए हरित ईंधन की आपूर्ति कर रही है। मक्का और चावल को फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करने वाले दोनों संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 350 किलोलीटर प्रतिदिन है। एथनॉल संयंत्र मई, 2023 में 110 किलोलीटर प्रतिदिन की क्षमता के साथ शुरू हुआ था।

# एयर इंडिया के कर्मचारियों को आगे बढ़ते रहने की जरूरत : चंद्रशेखरन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एयर इंडिया के कर्मचारियों से सोमवार को कहा कि उन्हें आगे बढ़ते रहना चाहिए और जो कुछ भी हम करते हैं, उसमें दृढ़ निश्चयी होना चाहिए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एयर इंडिया के एक विमान के अहमदाबाद में पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त होने के मद्देनजर उन्होंने यह बात कही और इस दुर्घटना को अपने 'करियर' का सबसे दिल दहला देने वाला संकट बताया।

- चंद्रशेखरन ने दुर्घटना को कॅरियर का सबसे दिल दहलाने वाला संकट बताया

*एयर इंडिया प्रशिक्षण अकादमी को किया संबोधित : चंद्रशेखरन ने गुरुग्राम स्थित एयर इंडिया मुख्यालय एवं एयर इंडिया प्रशिक्षण अकादमी में करीब 700 कर्मचारियों व नेतृत्व दल को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को दृढ़ता दिखाने की जरूरत है और इस घटना से सबक लेते हुए एक 'सुरक्षित विमानन कंपनी' बनाने की राह पर बढ़ना चाहिए।*

**टाटा संस के चेयरमैन ने कहा, कर्मियों को दृढ़ निश्चयी होना चाहिए**

### सबसे अच्छा प्रयास करना होगा

सूत्रों के अनुसार चंद्रशेखरन ने एयर इंडिया मुख्यालय में आपातकालीन कमांड सेंटर, एकीकृत संचालन कमांड सेंटर और ग्राहक सेवा तथा सहायता केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा, ''मैं जो कुछ भी कहूंगा और जो कुछ भी करूंगा, उससे लोगों की जान वापस नहीं आएगी। जो लोग प्रभावित हुए हैं, वे बहुत लंबे समय तक दर्द महसूस करेंगे। लेकिन हमें उनमें से प्रत्येक की मदद करने के लिए मानवीय रूप से जितना संभव हो सबसे अच्छा प्रयास करना होगा।'



### सुरक्षित एयरलाइन बनाने का संकल्प लेना होगा

चंद्रशेखरन ने कहा, ''यह इस बारे में बात करने का समय नहीं है कि हम क्या करेंगे, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हम उन सभी लोगों को हमेशा के लिए अपना परिवार मानेंगे, जिन्होंने किसी को खो दिया है। उन्होंने कर्मचारियों से मजबूत बनने का आग्रह किया और कहा कि इस दुर्घटना के बाद एक सुरक्षित एयरलाइन बनाने का संकल्प लेना होगा।

### हमें जांच के पूरे होने का इंतजार करना होगा

सूत्रों ने चंद्रशेखरन के हवाले से कहा, ''हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम आगे बढ़ते रहें। हम जो भी करें, उसमें और दृढ़ निश्चयी रहें। हमें जांच के पूरी होने का इंतजार करना होगा, ताकि घटना के कारणों का पता चल सके। सूत्रों के अनुसार उन्होंने कहा, ''मैंने अपने करियर में काफी संकट देखे हैं, लेकिन यह सबसे दुखद घटना है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा दिन देखना पड़ेगा।

## थोक मुद्रास्फीति मई में घटकर 0.39 प्रतिशत पर आई

# राहत : मई में कम हुई थोक महंगाई, 14 महीने के सबसे निचले स्तर पर आई

- खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में आई नरमी
- सब्जियां मई में 21.62 प्रतिशत सस्ती हुईं
- वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85 प्रतिशत और मई 2024 में 2.74 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''...मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।''



### सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई

थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मई में 1.56 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि अप्रैल में इनमें 0.86 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई। सब्जियां मई में 21.62 प्रतिशत सस्ती हुईं जबकि अप्रैल में इनकी कीमतें 18.26 प्रतिशत घटी थीं।

### कच्चे तेल व डॉलर का पड़ेगा दबाव

*अग्रवाल ने कहा, '' कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के साथ-साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कुछ गिरावट से जून 2025 के लिए थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ेगा, जिसके जून 2025 में 0.6-0.8 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है।'' उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से कारोबारी धारणा को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होगी।*

### मानसून की प्रगति जून के प्रारंभ से रुक गई

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शीघ्र आगमन के बावजूद इसकी प्रगति जून के प्रारम्भ में ही रुक गई, जो 15 जून 2025 तक के सामान्य स्तर से 31 प्रतिशत कम रही। मानसून का अस्थायी एवं स्थानिक वितरण फसल के पूर्वानुमान व परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ हैं उन्होंने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद चालू महीने में कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

### आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है

विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.04 प्रतिशत रही, जबकि अप्रैल में यह 2.62 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में भी मई में मुद्रास्फीति 2.27 प्रतिशत रही जबकि अप्रैल में यह 2.18 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है।

### मुद्रास्फीति में नरमी से ब्याज दर में कटौती की गई

खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर छह वर्ष के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में नरमी रही। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच इस महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की भारी कटौती कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था।

# सोना 170 रुपए टूटा और चांदी 1000 रुपए फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना घटकर 1,01,370 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई

कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 170 रुपये गिरकर 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये घटकर 1,00,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। शुक्रवार को चांदी 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''भारत-अमेरिका और अमेरिका-यूरो क्षेत्र के बीच संभावित व्यापार सौदों की रिपोर्ट आने के बाद मुनाफावसूली देखी गई जिससे सोना 99,800 रुपये के आसपास सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था।''

### सोने की कीमतें रिकार्ड ऊंचाई के आसपास

अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''सोने की कीमतों में मामूली गिरावट आई है, लेकिन यह रिकॉर्ड ऊंचाई के आसपास बनी हुई है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सुरक्षित संपत्तियों की ओर आकर्षित किया है।''

# मजबूत संकेतों से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 678 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष तेज होने के बावजूद स्थानीय बाजार में तेल एवं गैस और आईटी शेयरों को कम मूल्य पर खरीदने का रुझान देखा गया। सेंसेक्स 677.55 अंक उछलकर 81,796.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 747.22 अंक बढ़कर 81,865.82 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 227.90 अंक चढ़कर 24,946.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,



- आईटी और पेट्रोलियम शेयरों में रही खरीदारी
- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से लौटी तेजी

/"ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। हालांकि निकट अवधि में इस तनाव का बाजार की धारणा पर असर पड़ने की आशंका है।/"

### अल्ट्राटेक व टेक महिंद्रा में तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

*टाटा मोटर्स में गिरावट : दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।*

# ताइवान ने चीन की हुवावे को निर्यात नियंत्रण सूची में डाला




**ताइपे (ताइवान)।** ताइवान के वाणिज्य मंत्रालय ने चीनी चिप विनिर्माता हुवावे टेक्नोलॉजीज और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इंटरनेशनल कॉर्प को अपनी निर्यात नियंत्रण सूची में डाला है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में टकराव बढ़ने के चलते ताइवान ने यह कदम उठाया। 'रणनीतिक महत्व की उच्च तकनीक वस्तुओं' की सूची में शामिल होने का मतलब है कि ताइवान की कंपनियों को उन्हें सामान बेचने से पहले निर्यात परमिट लेना होगा। इस सूची में तालिबान और अल-कायदा जैसे संगठनों के साथ ही चीन, ईरान और अन्य जगहों की कई कंपनियां शामिल हैं। उक्त दोनों कंपनियां अमेरिका स्थित एनवीडिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने और निर्यात प्रतिबंधों के बीच चीनी प्रौद्योगिकी फर्मों को बहुत जरूरी चिप की आपूर्ति करने की कोशिश कर रही हैं।

# रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव के मसौदा नियम जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- आरबीआई ने कहा, जोखिम से निपटने में मदद मिलेगी

आरबीआई ने सोमवार को रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव के लिए मसौदा नियम जारी किए ताकि मौजूदा नियामकीय ढांचे को बाजार और अन्य संबंधित घटनाक्रम के अनुरूप ढाला जा सके। 'ब्याज दर डेरिवेटिव' ऐसा वित्तीय डेरिवेटिव अनुबंध होता है जिसका मूल्य एक या अधिक ब्याज दर, ब्याज दर साधनों की कीमतों या ब्याज दर सूचकांकों से हासिल होता है। ये ऐसे अनुबंध होते हैं जो भविष्य में ब्याज दरों में होने वाले उतार-चढ़ाव के जोखिम से निपटने में मदद करते हैं। रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव (आईआरडी) के लिए मौजूदा नियामकीय ढांचा जून 2019 में जारी किया गया था। उसके बाद से बाजार में कई नए घटनाक्रम हुए हैं, जिनमें नए उत्पाद आने के साथ बाजार में अनिवासियों की भागीदारी भी शामिल है। आरबीआई ने 'मसौदा प्रमुख निर्देश- भारतीय रिजर्व बैंक (रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव) निर्देश, 2025' जारी किया है। आरबीआई ने कहा, /"आईआरडी निर्देशों की व्यापक समीक्षा की गई और इसे बाजार एवं अन्य संबंधित घटनाक्रम के साथ समायोजित करने के लिए मसौदा निर्देश तैयार किए गए हैं।

### मसौदे पर टिप्पणियां मांगी

*आरबीआई ने इस मसौदे पर सात जुलाई, 2025 तक बैंकों, बाजार प्रतिभागियों और अन्य इच्छुक पक्षों से टिप्पणियां मांगी हैं। अनुपालन बोझ को कम करने के लिए मसौदा निर्देशों के तहत रिपोर्टिंग प्रावधानों को भी युक्तिसंगत बनाया गया है।*

## टाटा स्टील पुनर्चक्रण से 1.5 करोड़ टन उत्पादन करेगा...




**नई दिल्ली।** टाटा स्टील का लक्ष्य अगले 10-15 साल में पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) से 1-1.5 करोड़ टन का उत्पादन करने का है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने यह जानकारी दी। कंपनी भारत और यूरोप में कम कार्बन उत्सर्जन के साथ इस्पात बनाने की प्रौद्योगिकी लागू कर रही है। टाटा स्टील ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत, ब्रिटेन, नीदरलैंड और थाइलैंड में फैली अपनी कुल 3.5 करोड़ टन क्षमता से 3.09 करोड़ टन इस्पात का उत्पादन किया। टाटा स्टील के लिए टिकाऊ व्यवहार के बारे में पूछने पर नरेंद्रन ने कहा, 'अगले 10-15 वर्षों में आप देखेंगे कि टाटा स्टील का 1-1.5 करोड़ टन उत्पादन पुनर्चक्रण से होगा। कंपनी का लक्ष्य भारत में 2030 तक अपनी इस्पात बनाने की क्षमता को चार करोड़ टन तक बढ़ाना है।

# बेरोजगारी दर मई में बढ़कर 5.6 फीसदी पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में मई के दौरान मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल महीने में 5.1 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

- महिलाओं पर दिखा अधिक असर
- माह अप्रैल में 5.1 प्रतिशत थी

बेरोजगारी दर में यह वृद्धि मुख्य रूप से मौसमी बदलावों और देश के कुछ हिस्सों में पड़ी अत्यधिक गर्मी के कारण देखने को मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (सीडब्ल्यूएस) सर्वेक्षण में दर्ज आंकड़ों से पता चलता है कि मई 2025 के दौरान सभी आयु वर्गों में बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई। सीडब्ल्यूएस सर्वेक्षण की तिथि से पहले के सात दिनों की अवधि में निर्धारित गतिविधियों को दर्शाता है। मंत्रालय ने रोजगार की स्थिति की सही तस्वीर दर्शाने के लिए पिछले महीने पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक, पिछले महीने पुरुषों में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में थोड़ी अधिक 5.8 प्रतिशत थी। युवाओं पर बेरोजगारी की अधिक मार देखने को मिली है।

मई में राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 15-29 आयु वर्ग के लिए बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल में यह 13.8 प्रतिशत थी।



### 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की श्रम भागीदारी घटी

*पुरुषों में इसी आयु वर्ग के लिए यह दर 13.6 प्रतिशत से बढ़कर 14.5 प्रतिशत हो गई। आंकड़ों से यह भी सामने आया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) मई में घटकर 54.8 प्रतिशत रह गई जो अप्रैल में 55.6 प्रतिशत थी।*

### ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी कामगारों की संख्या घटी

ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी दर 58 प्रतिशत से घटकर 56.9 प्रतिशत रह गई जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.7 प्रतिशत से घटकर 50.4 प्रतिशत पर रही। महिला श्रमबल भागीदारी दर में गिरावट खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी कामगारों और अवैतनिक सहायकों के रूप में काम करने वाली महिलाओं की संख्या में गिरावट से जुड़ी है।

## सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत घटकर 3,44,656 इकाई

# घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में घटी : सियाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत घटकर 3,44,656 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,47,492 इकाई थी।

- दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 2.2 प्रतिशत बढ़ी

वाहन विनिर्माताओं के निकाय 'सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स' (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री मई में 2.2 प्रतिशत बढ़कर 16,55,927 इकाई रही, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी महीने में यह 16,20,084 इकाई थी।

### महिंद्रा ने मई में 52,431 इकाईयां बेची

आंकड़ों के अनुसार, घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 2024 की 43,218 इकाइयों के मुकाबले 52,431 इकाइयों की बिक्री की, जबकि हुंदै मोटर इंडिया ने मई 2024 में 49,151 इकाइयों की तुलना में 43,861 इकाइयों की घरेलू बिक्री दर्ज की। दोपहिया वाहन खंड में मोटरसाइकिल की बिक्री मई 2024 में 10,38,824 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 10,39,156 इकाइयों पर लगभग स्थिर रही।



### स्कूटर की बिक्री 7.1 फीसदी बढ़ी

दूसरी ओर, स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 7.1 प्रतिशत बढ़कर 5,79,507 इकाई हो गई, जबकि मई 2024 में यह 5,40,866 इकाई रही थी। घरेलू बाजार में कुल तिपहिया वाहनों की बिक्री मई में सालाना आधार पर 55,763 इकाइयों की तुलना में 3.3 प्रतिशत घटकर 53,942 इकाई रह गई।

### सभी वाहन खंड ने स्थिर प्रदर्शन किया

सियाम ने कहा कि सभी श्रेणियों में वाहनों की कुल थोक बिक्री 1.8 प्रतिशत बढ़कर 20,12,969 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल मई में यह 19,76,674 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने बयान में कहा, '' सभी वाहन खंडों ने मई 2025 में स्थिर प्रदर्शन दर्ज किया।''


### यात्री वाहन खंड में 0.8 फीसदी की गिरावट आई

मेनन ने कहा कि हालांकि यात्री वाहन खंड में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन कुल 3.45 लाख इकाइयों की बिक्री मई में अब तक की दूसरी सबसे अधिक बिक्री रही। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहन खंड में मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू बिक्री मई 2024 में 1,44,002 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 1,35,962 इकाई रह गई। इसके साथ ही यह इस खंड में अग्रणी रही।

## चिंतन

# तुर्किये को संदेश देने के साथ ट्रेड व रणनीतिक महत्व भी

विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में शरीक होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप के द्विपीय देश साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा ऐसे समय में की है, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने खुले तौर पर पाकिस्तान के साथ दिया। तुर्किये में जब भीषण भूकंप आया था तो भारत ने भरपूर मदद की थी, तुर्किये के साथ भारत के संबंध प्राचीनकाल से है, इसके बावजूद भारत के एहसान को भुला कर तुर्किये ने भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को ड्रोन की मदद की, यह जानते हुए कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया था। तुर्किये और साइप्रस पड़ोसी देश हैं और दोनों के बीच अदावत है, तुर्किये ने साइप्रस के एक तिहाई हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। वर्ष 1974 के बाद से दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। पीएम मोदी ने जी-7 की बैठक में जाने से पहले साइप्रस की यात्रा कर तुर्किये को दो टूक संदेश दिया है कि अगर वह भारत के खिलाफ रहेगा, तो भारत भी उसके दुखती रग पर हाथ रखेगा। भारत अपने पर्यटकों को साइप्रस जाने के लिए प्रेरित करेगा। साइप्रस भारतीय पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। करीब 11.5 हजार भारतीय वहां विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत हैं। साइप्रस के आईटी क्षेत्र को भारतीय प्रतिभा मजबूती दे रही है। साइप्रस के साथ संबंध को मजबूत करके भारत अपनी पकड़ इस भूमध्यसागरीय क्षेत्र में मजबूत करेगा। साइप्रस ने जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-III दिया है, इससे साफ है कि वह खुद भारत के साथ अपने रिश्ते को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए कितना उत्सुक है। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने पीएम मोदी को यात्रा के लिए निमंत्रण दिया था। पीएम मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था। पीएम की साइप्रस यात्रा का महत्व केवल तुर्किये को संदेश देने भर तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे व्यापक है। इसमें ट्रेड, रणनीतिक साझेदारी, सामुद्रिक सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग व आतंकवाद के खिलाफ अभियान भी है। साइप्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू हुई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) में भी साइप्रस अहम भागीदार है। साइप्रस यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य देश है। भारत ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अगले वर्ष 1 जनवरी से साइप्रस ईयू का अध्यक्ष देश होगा, ऐसे में भारत को एफटीए में मदद मिलेगी। भारतीय कंपनियों व निवेशकों, आईटी क्षेत्र व डिजटेक के लिए साइप्रस यूरोप का प्रवेश द्वार है। भारत व साइप्रस रक्षा, साइबर, समुद्री सुरक्षा, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी को रोकने को दोनों देशों की एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र विकसित किया जाएगा। साइप्रस और ग्रीस ने आतंकवाद, कश्मीर, भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता, 1998 के परमाणु परीक्षण सहित प्रमुख मुद्दों पर भारत का समर्थन किया है।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# साइप्रस यात्रा से तुर्किये को कड़ा संदेश

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है। प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। यह सीधे तौर पर कूटनीतिक जवाब है

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है।

देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों? इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्किये में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्किये के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने 'एक्स' पर 'पाकिस्तान-तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्किये का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में वहां 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी। भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्किये पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्किये के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को



जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्किये की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्किये ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्किये को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर पर तुर्किये हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस व तुर्किये के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्किये मूल के लोग रहते हैं। दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्किये ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्किये ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्किये की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया था। यहां तुर्किये की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्किये के अवैध कब्जे वाले इलाके को उसने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्किये के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्किये के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्किये की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। पीएम मोदी की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के 'वन बेल्ट-वन रोड' के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत-साइप्रस संबंध और मजबूत होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## एयर इंडिया हादसा
विवेक शुक्ला




# एक स्मारक विमान हादसों के शिकार मुसाफिरों की याद में

राजधानी के इंडिया गेट के करीब पृथ्वीराज रोड पर आपको एक ईसाई कब्रिस्तान दिखाई देता है। नाम है रायल सिमिट्री। इसके अंदर कभी जाइये और घूमिए। इधर पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन और मशहूर मॉडल जेसिका लाल की कब्रों से चंद कदमों की दूरी पर बनी एक कब्र को देखकर आप ठिठकते हैं। ये एक सांकेतिक कब्र उन अभागे मुसाफिरों की है,जो जापान एयर लाइंस के विमान के 14 जून,1972 को हुए हादसे में मारे गए थे। ये विमान बैंकाक से दिल्ली आ रहा था। ये उसी जगह पर गिरा था,जिधर अब आबाद है साउथ दिल्ली का वसंत कुंज। इस हादसे में 82 मुसाफिर मारे गए थे। इसमें पायलट और उनके बाकी सहयोगी भी थे। हादसे के ज्यादातर शिकार यात्री अमेरिका और ब्राजील के नागरिक थे। जापान एयरलाइंस के विमान में ब्राजील की मशहूर फिल्मी हस्ती लैला डिंज और भारत के नामवर कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के.पी. नरसिंह राव भी सवार थे। इसके अलावा, विमान के गिरने के कारण भी चार लोगों की जान चली गई थी। अभी हाल ही में अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 270 से अधिक मुसाफिरों के अलावा कई वे लोग भी मारे गए हैं, जिन पर विमान के टुकड़े गिरे थे। बहरहाल, रायल सिमिट्री की उस कब्र को देखकर समझ आ जाता है कि अब इधर फूल चढ़ाने के लिए कभी- कभार ही कोई आता होगा। इस पर लिखे शब्द मिट रहे हैं। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या विमान हादसों में मारे गए लोगों की याद में स्मारक बने? बेशक, बने तो अच्छा होगा । बेशक विमान हादसों में अपनी जान गंवाने वालों की स्मृति में स्मारक बनाना एक संवेदनशील मुद्दा है। स्मारक एक तो उन लोगों को श्रद्धांजलि होगी जो अकारण मारे गए। यह पीड़ितों के परिवारों और मृतकों के दोस्तों को शोक व्यक्त करने और उनकी स्मृति को जीवित रखने का एक स्थान होगा। दूसरा, इन स्मारकों का एक बड़ा संदेश विमानन सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना भी होगा कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए बेहतर उपायों की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया जाए।

अब से लगभग चालीस साल पहले 23 जून 1985 को हुए एयर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क विमान) हादसे का यहां जिक्र करना जरूरी है। यह विमान कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर से लंदन होते हुए दिल्ली और मुंबई जा रहा था, जब आयरिश हवाई क्षेत्र में 31 हजार फीट की ऊंचाई पर एक बम विस्फोट के कारण यह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कनिष्क विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए, जिनमें भारतीय मूल के 268 कनाडाई नागरिक, 27 ब्रिटिश और 22 भारतीय शामिल थे। इसे आधुनिक कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ा आतंकवादी हमला और उस समय तक का सबसे घातक विमानन आतंकवादी घटना माना जाता है। इस भयंकर हादसे के पीड़ितों की याद में दो स्मारक बनाए गए। आयरलैंड में हादसे की पहली बरसी पर 1986 में, एक स्मारक का अनावरण किया गया। यह स्मारक उस स्थान के पास है जहां विमान समुद्र में गिरा था। यह पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने और इस दुखद घटना को याद रखने का प्रतीक है। उधर, कनाडा में भी इस हादसे के पीड़ितों की याद में स्मारक बना। 2015 में, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा गए थे, उन्होंने टोरंटो में इस हादसे के स्मारक का दौरा किया था। इन दोनों स्मारकों में पीड़ितों के परिवार आते-जाते हैं। कनिष्क विमान हादसा खालिस्तानी आतंकवाद से जुड़ा था, और स्मारक इस तरह की आतंकी घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं। इस तरह के स्मारक महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे न केवल पीड़ितों को सम्मान देते हैं, बल्कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए विमानन सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की तरफ इशारा करते हैं। हालांकि, इन्हें बनाते समय पीड़ितों के परिवारों की भावनाओं और सहमति का ध्यान रखना जरूरी है। आयरलैंड और कनाडा में बने स्मारक इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। अगर भारत में भी विमान हादसे में शिकार हुए यात्रियों की याद में स्मारक बनाया जाए तो इसमें कोई बुराई तो नहीं होगी। अब रायल सिमिट्री की सांकेतिक कब्र को देखकर दिल दुखी हो जाता है। एक बात और। इस सांकेतिक कब्र पर हर साल क्रिसमस पर दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज फूल अवश्य चढ़ाते हैं। उन्हें उम्मीद थी कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डिसिल्वा जब 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन भाग लेने राजधानी आएंगे, तब वे रायल सिमिट्री में भी आएंगे उस कब्र पर जो उनके और अमेरिका के नागरिकों की याद में बनी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाएं



संकलित
दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

## भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## सटाका




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*– मनोज पटेल, धमतरी*

## ट्रेंड

### साइप्रस सरकार का आभार



'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मैकारियोस III' से सम्मानित करने के लिए मैं साइप्रस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरा नहीं है, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। मैं यह पुरस्कार भारत और साइप्रस की चिरस्थायी मित्रता को समर्पित करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहेंगी



गाजा में संचालित सबसे बड़े स्वास्थ्य कर्मियों में से एक है जो वर्तमान में 15,000 दैनिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करता है। स्वास्थ्य टीमें जबरन विस्थापन और महत्वपूर्ण संसाधनों की कमी से घिरे समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखती हैं।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### मोदी का गहरा वैश्विक प्रभाव



भारत के किसी भी प्रधानमंत्री का वैश्विक स्तर पर इतना गहरा प्रभाव नहीं रहा। यह कहानी सिर्फ एक नेता की नहीं है; यह विश्व मंच पर भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक स्पष्टता को दर्शाती है। यह 140 करोड़ भारतीयों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वास से संभव हुआ है।

- रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

### सही चीज चुनना जरूरी



खुशी आपके खुद से बात करने के तरीके, आपके कार्यों के आपके मूल्यों के अनुरूप होने से बनती है। सच्ची खुशी अधिक पाने में नहीं है- बल्कि कम की जरूरत, आभारी होना और अपने लिए सही चीज चुनना है।

-हर्ष गोयनका उद्योगपति

## करंट अफेयर


# चीन ने कहा, हमारा परमाणु भंडार न्यूनतम स्तर पर



चीन ने अपने तेज़ी से बढ़ते परमाणु हथियार भंडार को लेकर सफाई दी है कि यह अब भी उसकी न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप ही है। चीन ने हालांकि अमेरिका और रूस की बराबरी करने के लिए परमाणु होड़ में शामिल होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह परमाणु हथियारों की किसी दौड़ में शामिल नहीं है, बल्कि उसकी नीति न्यूनतम प्रतिरोध की है। जानकारी के मुताबिक, चीन हर साल 100 से अधिक नए परमाणु हथियार तैयार कर रहा है और अब उसके पास कुल मिलाकर करीब 600 परमाणु हथियार हो चुके हैं। एक स्वीडिश विचारक संस्था द्वारा सोमवार को जारी 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार, बीजिंग ने 2023 से प्रत्येक वर्ष अपने परमाणु भंडार में 100 अतिरिक्त हथियार जोड़े हैं। उसके मुताबिक, वर्तमान में इसके पास कम से कम 600 हथियार हैं, और ऐसी आशंका है कि यह संख्या "आने वाले दशक में बढ़ती रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, "चीन के पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता परमाणु शस्त्रागार है" जहां अधिकांश चीनी परमाणु आयुध को उनके लॉन्चर्स से अलग रखा गया है, वहीं माना जा रहा है कि चीन अब सीमित संख्या में मिसाइलों पर परमाणु हथियार तैनात करना शुरू कर रहा है।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बिहार में वाटर मेट्रो सेवा शुरू होगी, पटना अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन का हब बनेगा

## पटना में अंतर्देशीय जलमार्ग विकास पर कार्यशाला आयोजित

एजेंसी ⏭ पटना

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) सोमवार को पटना में 'जल मार्ग विकास परियोजना' (जेएमवीपी) के तहत गंगा नदी (एनडब्ल्यू 1) पर अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन के विकास पर एक परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। बिहार में पहली बार आयोजित इस प्रकार की कार्यशाला में इस अंतर-मंत्रालयी चर्चा में बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल के नीति निर्माता भाग लिया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सर्बानंद सोनोवाल ने की। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि बिहार का इतिहास और उसकी गरिमा अलग है। यहां वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा। हमारी कोशिश होगी कि जो भी प्रोजेक्ट है, उसे और मजबूती प्रदान की जाएगी।



**वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट लागू होने से आवागमन में होगी सहूलियत**

### मोदी सरकार दे रही विकास को गतिः रविशंकर

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि गंगा भागीरथी हल्दिया स्पेन करीब 1600 किलोमीटर का है। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार में हर जगह विकास को गति दे रही है। ऐसे में जल परिवहन भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन का उपयोग अब परिवहन के मामले में तेज हुआ है।

### किस इलाके में कौन सी योजना लाई जाएगी, सुझावों से तय होगा



### मील का पत्थर बनेगी परियोजनाः उप मुख्यमंत्री चौधरी


इससे पहले बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना वाटर मेट्रो जल परिवहन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। चौधरी ने अंतर्देशीय जल परिवहन प्राधिकरण की ओर से आयोजित पटना कार्यशाला में जल परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल से आग्रह किया कि बिहार के जिन 11 जिलों से नदियां गुजरती हैं, उनमें नदी परिवहन को बढ़ावा देने के लिए दो-दो जेटी का निर्माण कराया जाए।

### गंगा के किनारे व्यापार और संस्कृति का केंद्र बिहार

उन्होंने भागलपुर में मल्टीमॉडल टर्मिनल बनाने की भी मांग की। चौधरी ने कहा कि जलपोत और क्रूज की मरम्मत के लिए पटना में मेंटेनेंस सेंटर जल्द स्थापित होना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार जमीन उपलब्ध करा चुकी है। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इस कार्यशाला के लिए केंद्र सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार की धरा सदियों से गंगा के किनारे व्यापार और संस्कृति का केंद्र रही है। परिवहन क्षेत्र के रूप में इसे स्थापित करने की कल्पना अब सबके सामने साकार है। इस मौके पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, बिहार की परिवहन मंत्री शीला कुमारी और उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी अपनी बात कही।

## खबर संक्षेप

### सांसद अशोक यादव का लापता बेटा बरामद



**पटना।** मधुबनी से भाजपा सांसद अशोक यादव के लापता बेटे को पुलिस ने बरामद कर लिया है। दरभंगा सदर के एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम विभूति की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। घर से लेकर अलग-अलग जगहों पर स्थित सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसके बाद उसे खोज निकाला।

### वाड्रा को आज ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को फिर से समन जारी किया है और 17 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। मनी लॉन्डि्रंग के केस में एजेंसी प्रियंका गांधी वाड्रा के पति से पूछताछ करना चाहती है। यह मामला ब्रिटेन में बसे हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है और उससे रॉबर्ट वाड्रा के लिंक बताए जाते हैं।

### ट्रेन में आग, फंसे युवक को सुरक्षित निकाला



**पुणे।** पुणे से दौंड जा रही शटल ट्रेन में अचानक आग लग गई। अचानक धुआं देखकर ट्रेन में अफरातफरी मच गई। आग ट्रेन के टॉयलेट में लगी थी। इस वजह से एक व्यक्ति शौचालय में ही फंस गया दरवाजा अंदर से लॉक हो गया था। यात्री की चीखें यात्रियों ने दरवाजा तोड़ा और उस व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### प्रीत जट्टी को मिल रही धमकियां, शिकायत की



**नई दिल्ली।** यूट्यूबर प्रीत जट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर खुद की जान को खतरा होने का संदेह जताया। उसने बताया कि विदेशी नंबर से उसको फोन कर धमकाया गया। हालांकि शनिवार की बाद दोपहर उक्त पोस्ट डिलीट कर दी गई। इसके बाद पुलिस इस तरह की धमकियों पर नजर रख रही है।

## इस बार मोबाइल एप के जरिए होगी जनगणना

# 35 लाख कर्मचारी 1 अक्टूबर 26 से शुरू करेंगे जनगणना और जातिगत गणना

जनगणना और जातिगत गणना का नोटिफिकेशन जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जनगणना और जातिगत गणना होने जा रही है। रविवार को लंबी चली बैठक के बाद गृह मंत्रालय ने सोमवार सुबह जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना और जातीय गणना के लिए राजपत्र अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी कर दिया। जनगणना मोबाइल ऐप के जरिए होगी। जनगणना और जातिगत गणना की प्रक्रिया चलेगी और इसमें मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कैसे किया जाएगा। जनगणना की पूरी प्रक्रिया 1 मार्च 2027 तक खत्म हो जाएगी, जो लगभग 21 महीनों में पूरी होगी। जनगणना का प्राइमरी डेटा मार्च 2027 में जारी हो सकता है, जबकि डिटेल जारी होने में दिसंबर 2027 तक का समय लगेगा। इसके बाद साल 2028 से लोकसभा और विधानसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा। वैसे तो यह जनगणना साल 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते उसे टाल दिया गया था। यह 16वीं जनगणना है, जबकि आज़ादी के बाद 8वीं जनगणना है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे थे। गृह मंत्रालय की ओर से जनगणना के बारे में बताया गया है कि जनगणना मोबाइल ऐप से की जाएगी।

*जनगणना 2 चरणों में होगी और मार्च 2027 में इसका डेटा जारी होगा। कहा जाए तो एक से डेढ़ साल का समय जनगणना करने में लगेगा।*

**प्राइमरी डेटा मार्च 2027 में जारी हो सकता है डिटेल दिसंबर 2027 तक आएगी**

**2021 में होनी थी जनगणना कोरोना के चलते टाला**

**आज़ादी के बाद 8वीं और यह 16वीं जनगणना है**




### दो चरणों में होगी जाति और जनगणना

डिजिटली सेंसस करने के लिए करीब 35 लाख कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। 1.3 लाख पदाधिकारी जनगणना में सहयोग करेंगे। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में 1 अक्टूबर 2026 तक जनगणना चलेगी। बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से गणना होगी। देश में दो चरणों में जनगणना कराई जाएगी। इसमें सामान्य जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी शामिल होगी। पहला चरण 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा, जबकि दूसरा चरण 1 मार्च 2027 से देश के बाकी राज्यों में प्रारंभ किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण, प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) में घर के हर व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक विवरण एकत्र किए जाएंगे।

### इस तरह पूछे जाएंगे सवाल

जनगणना का कार्यक्रम जितना दिखता है, उतना आसान नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ भारत में रहने वाले लोगों की गिनती नहीं है। वृहद तौर पर देखा जाए तो यह भारत में कई पहलुओं को जानने का भी अवसर बनता है। मसलन देश में कितनी आबादी है, इसमें पुरुषों-महिलाओं की जनसंख्या कितनी है? साक्षरता दर कितनी है? किस धर्म के कितने लोग भारत में बसते हैं? भारत में प्रजनन दर कितनी है? अलग-अलग वर्गों की आर्थिक स्थिति कैसी है, आदि। यानी जनगणना लोगों की गिनती ही नहीं, बल्कि समाज के मूलभूत ढांचे को समझने का भी जरिया है।

### आप खुद को कर सकेंगे रजिस्टर

जनगणना के लिए मोबाइल ऐप तैयार किए जाएंगे और उसी में जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी एकत्र की जाएगी। ऐप 16 भाषाओं में उपलब्ध होंगे। कमाल की बात है कि इसमें नागरिकों के लिए स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) की सुविधा भी उपलब्ध होगी। स्व-गणना में आप स्वयं अपने या अपने परिवार के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। इसमें किसी जनगणनाकर्ता का सीधे हस्तक्षेप नहीं होता है।

### जनगणना की शुरुआत 1881 में हुई थी

देश में जनगणना की शुरुआत 1881 में हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। इसके बाद हर दस साल पर जनगणना होती रही। 1931 तक की जनगणना में हर बार जातिवार आंकड़े भी जारी किए गए। 1941 की जनगणना में जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन इन्हें जारी नहीं किया गया। आजादी के बाद से हर बार की जनगणना में सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के ही जाति आधारित आंकड़े जारी किए। अन्य जातियों के जातिवार आंकड़े 1931 के बाद कभी प्रकाशित नहीं किए गए।

## राहत बलों की जमकर की तारीफ

# आपदा प्रबंधन में भारत वैश्विक नेता बनने के है नजदीकः शाह

- *बीते 10 साल में इन संस्थाओं के कामों और जज्बे के दम पर भारत आगे बढ़ा*



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा राहत बलों के जज्बे और कामों की सराहना की। दिल्ली में आपदा राहत बलों के आयुक्तों के सम्मेलन में अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) के कामों की बदौलत भारत आपदा प्रबंधन में वैश्विक नेता बनने के करीब पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में इन संस्थाओं के कामों और जज्बे के दम पर भारत आगे बढ़ा है। एनडीएमए ने नीतिगत मामलों को तय करने, शोध, स्टडीज को लोगों तक पहुंचाने, एप बनाने और समग्र समन्वय का बढ़िया काम किया है। एनडीआरएफ ने त्वरित आपदा राहत कार्यों को अंजाम देकर अपनी अच्छी छवि बनाई और सम्मान भी कमाया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की संरचना में एसडीआरएफ ने भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। सीडीआरआई के माध्यम से हमने वैश्विक स्तर पर बहुत प्रसिद्धि और स्वीकृति भी प्राप्त की है। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों को भारत के संक्रमण काल के रूप में याद किया जाएगा जहां क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की गईं।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जबभारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, तो इतिहास को इन 10 वर्षों को याद करना होगा।

### जिला आपदा प्रबंधन योजना बनेगी

अमित शाह ने कहा कि हमने भागीदारी बढ़ाई है। केंद्र, राज्य और स्थानीय सरकारें सामूहिक रूप से आपदा के खिलाफ खड़ी हैं। इससे साफ है कि जब स्थानीय निकाय, जनता, राज्य सरकार, केंद्र सरकार, सभी विभाग, वैज्ञानिक और सुरक्षाकर्मी, सभी मिलकर काम करते हैं, तो हम बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। हमने बहुआयामी दृष्टिकोण को भी नीति के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हम 90 दिनों के भीतर अपने-अपने राज्यों में प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजनाएं बनाने का काम पूरा कर लेंगे। जब तक जिला आपदा प्रबंधन योजना नहीं होगी, तब तक आपदा प्रबंधन से तेजी से लड़ना संभव नहीं है। सभी मिलकर बिजली और वज्रपात के खिलाफ एक राज्य-स्तरीय कार्य योजना बनाएं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसे 90 दिनों के भीतर केंद्र के साथ साझा करना चाहिए। कई राज्यों में घटना प्रतिक्रिया प्रणाली अभी भी लागू नहीं हुई है।

## ममता का भाजपा पर आरोप

# बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी बताया जा रहा

एजेंसी ⏭ कोलकाता



पश्चिम बंगाल विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया। ममता बेनर्जी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उनको बांग्लादेशी बताकर गलत कार्रवाई की जा रही है। आलम यह है कि जिन बंगालियों के पास वैध दस्तावेज हैं, उनको भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी कहा जा रहा है। इसके बाद भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। ममता ने कहा कि भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि वे वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बंगाली के साथ-साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं।

## एसएफआई का राजभवन पर प्रदर्शन


# राजभवन पर संघ पदाधिकारियों की तस्वीरें लगाने पर हंगामा

एजेंसी ⏭ तिरुअनंतपुरम



केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की छात्र शाखा स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने राजभवन के सामने प्रदर्शन किया। ये लोग राज्यपाल के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों की तस्वीरें लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग ने राज्यपाल के सरकारी आवास में घुसने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें तुरंत रोक दिया। हाल में राजभवन में भारत माता के साथ आरएसएस के संस्थापक केबी हेडगेवार और विचारक गोलवलकर की तस्वीरें लगाए जाने के बारे में खबरें आई थीं। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के खिलाफ नारे लगाते हुए एसएफआई के कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में महात्मा गांधी और बीआर आंबेडकर की तस्वीरें ले रखी थीं।

## 21 बंदूकी की सलामीः रूपाणी हुए विदा



### शाह समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी को सोमवार शाम 21 बंदूकों की सलामी दी गई। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री-राज्यपाल समेत दूसरे नेता रूपाणी के घर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। रूपाणी का पार्थिव शरीर उनके राजकोट वाले घर प्रकाश सोसाइटी (निर्मला रोड) में रखा गया था। जहां अंतिम दर्शन किए। पार्थिव देह को रामनाथ परा श्मशान घाट ले जाया गया, जहां अंतिम किया गया।

## ईडी ने कोलकाता से किया गिरफ्तार

# आधार से पासपोर्ट तक, पाकिस्तानी ने बना डाले कई भारतीय पहचान पत्र!

एजेंसी ⏭ कोलकाता



- बांग्लादेशियों के लिए बनवाता था फर्जी दस्तावेज

कोलकाता की गलियों में एक ऐसा व्यक्ति वर्षों से खुलकर रह रहा था, जिसकी सच्चाई जानकर जांच एजेंसियां भी हैरान रह गईं। वह दिखने में आम इंसानों जैसा था, लेकिन असल में वह एक गहरी साजिश का हिस्सा था। झूठी भारतीय पहचान के सहारे भारत में घुसा यह व्यक्ति न केवल फर्जी दस्तावेज बनवाने का मास्टरमाइंड निकला, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय हवाला नेटवर्क भी चला रहा था। आजाद मलिक नाम का यह पाकिस्तानी नागरिक, जिसने आधार से लेकर भारतीय पासपोर्ट तक हासिल कर रखा था। सेंध लगाकर बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और जालसाजी करता रहा। अब प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से उसकी असलियत सबके सामने आ गई है। उसने अहमद हुसैन आजाद और आजाद हुसैन के नाम से भी अपनी पहचान बना रखी थी।

### फोन से मिला पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस

ईडी को मलिक के मोबाइल फोन से 1994 में जारी एक पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस मिला, जिसमें उसका नाम 'आजाद हुसैन' और फोटो 'अजाद मलिक' के रूप में थी। इस लाइसेंस में उसका स्थायी पता पाकिस्तान का और जन्मतिथि 14 अगस्त 1971 दर्ज थी। लाइसेंस हैदराबाद (पाकिस्तान) के एक प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था।

## दिल्ली और मुंबई में भारी बारिश होने की संभावना

# देश के मौसम का हालः यूपी-दिल्ली में झमाझम बरसेंगे बादल, मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट

पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में मौसम में बदलाव देखने को मिला है। दक्षिण भारत में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू है। कई जगहों पर रिकॉर्ड बारिश देखने को मिल रही है। वहीं, उत्तर भारत के कई राज्यों में अभी भी गर्मी का सितम देखने को मिल रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना है। वहीं, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### दिल्ली में भी आने वाले दिनों में बारिश होने की संभावना

#### महाराष्ट्र में बारिश को लेकर चेतावनी

विभाग ने एक बार महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने मुंबई में बारिश को लेकर ऑरेंज और पालघर में बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।



#### यूपी में कैसा रहेगा मौसम

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 22 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में छिटपुट से भारी बारिश की संभावना है। जिससे गर्मी से राहत मिलेगी।

#### अगले पांच दिन के मौसम का हाल

अगले 4 से 5 दिनों के दौरान मध्य भारत में अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। उसके बाद कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। देश के बाकी हिस्सों में अधिकतम तापमान में महत्वपूर्ण परिवर्तन की संभावना नहीं है।

### देश अन्य हिस्सों में मौसम का हाल

18 जून के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, केरल और माहे, लक्षद्वीप, कर्नाटक में कई जगहों पर हल्की से मध्य बारिश की संभावना है। वहीं, कुछ जगहों पर तेज हवाएं चल सकती है।इसके अलावा 17-18 जून के दौरान तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, केरल और माहे, कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में बहुत भारी बारिश की संभावना है।

# रादुविवि की महिला अधिकारी के ट्रांसफर से जुड़ी हुई फाइल और प्रस्ताव करो पेश

## हाईकोर्ट ने सरकार को दिये निर्देश



**जबलपुर।** रादुविवि की सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने स्थानांतरण को चुनौती दी है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने उप महाधिवक्ता को मौखिक रूप से निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता महिला अधिकारी के ट्रांसफर से जुड़ी हुई फाइल और प्रस्ताव 18 जून को पेश करें।

सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा व विशाल बघेल ने दलील दी कि याचिकाकर्ता की सेवानिवृत्ति को एक वर्ष का समय बाकी है। सरकार की स्थानांतरण नीति की कंडिका 22 के अनुसार ऐसे किसी शासकीय सेवक का स्थानांतरण सामान्यतः नहीं किया जाना चाहिए जिनकी सेवानिवृत्ति को एक वर्ष या उससे भी कम समय बचा हो। याचिका में यह भी आरोप लगाए गए हैं विश्वविद्यालय के कुलपति के विरुद्ध एक अन्य महिला अधिकारी के साथ किए गए अभद्र व्यवहार के मामले में एसआईटी जांच में याचिकाकर्ता द्वारा भी कुलगुरु के विरुद्ध बयान दिए गए हैं। इस कारण से जांच लंबित होने के दौरान याचिकाकर्ता को दंडित करने के लिए नीति के विपरीत जाकर स्थानांतरण किया गया है।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी व सावधानी से कराएं दुष्कर्म पीड़िता का गर्भपात

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी व सावधानी से उसका गर्भपात कराएं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि यदि बच्चा जीवित पैदा होता है तो उसकी देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की होगी। सागर निवासी पिता ने याचिका दायर कर बताया कि उसकी बेटी नाबालिग है और दुष्कर्म की शिकार है। दुष्कर्म के कारण कुछ दिन बाद वह गर्भवती हो गई। याचिका में कहा गया कि चूंकि पीड़िता शारीरिक रूप से दिव्यांग भी है। यदि वह गर्भ को रखती है तो उसे परेशानी होगी और उसकी जान भी खतरे में आ सकती है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में गर्भपात कराने की अनुमति दी। कोर्ट ने डॉक्टर्स को कहा कि वे गर्भपात के जोखिम के बारे में पीड़िता व उसके परिवार वालों को बताएं। प्रक्रिया के दौरान पीड़िता को सभी मेडिकल सुविधाएं प्रदान की जाएं।



## स्वच्छता को व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझे

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की आईईसी टीम द्वारा स्टेट बैंक शाखा तिलहरी में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक श्रीमती प्रीति मसराम, कैशियर प्रेम कुमार, प्रिया भारती, शैलू रैकवार, अजय सत्य प्रकाश सोसायटी के अध्यक्ष अनिल शुक्ला, नगर निगम की सुपरवाइजर श्रीमती अनिता पवार नगर निगम की टीम ने यह भी अपील की कि सभी नागरिक नगर निगम के स्वच्छता संबंधी कार्यों में सक्रिय भागीदारी करें और स्वच्छता को केवल सरकारी जिम्मेदारी न मानकर अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझें। सभी के प्रति ब्रांच मैनेजर श्रीमती प्रीति मसराम ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम महिला मानस मंडल ने बाजनामठ में कराया विशाल भंडारा


**जबलपुर।** श्रीराम महिला मानस मंडल के तत्वावधान में विगत दिवस तिलवारा रोड संग्राम सागर स्थित बाजना मठ, जबलपुर में विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। आषाढ़ माह के प्रथम शनिवार को बाजनामठ परिसर में श्रीराम महिला मानस मंडल संजीवनी नगर की अध्यक्ष संध्या दुबे, ज्योति जादौन के नेतृत्व में विशाल भंडारे के आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा भैरवनाथ की पूजन, अर्चन, दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्रीराम महिला मानस मंडल की अध्यक्ष संध्या दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजना मठ विश्व भर के असंख्य भक्तों की आस्था का केंद्र है, बाजना मठ परिसर में सायं 7:00 बजे से शुरू हुए भंडारे में पहुंचकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्रीराम मानस महिला मंडल की अध्यक्ष संध्या दुबे, ज्योति जादौन, किरण ठाकुर, आकांक्षा ठाकुर, गुड़िया गढ़वाल, कल्पना तिवारी, अरुणा शर्मा, अनीता नामदेव, ममता सोनी, साधना राठौर, विनीता राजपूत के साथ ही विशिष्ट अतिथियों में वीरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रकाश सिंह तोमर, नरेंद्र गिरी गोस्वामी सहित डॉक्टर अरुण मिश्रा और दीपांशु शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे।

### डॉ. आम्बेडकर ने नारी शक्ति की शान बढ़ाई

**जबलपुर।** डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जनसेवा पार्टी के अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने बताया कि 15 जून को मध्यान्ह 12.30 बजे से बादशाह हलवाई मंदिर के पास रामसिपाही सेठ के निवास पर पार्टी की सभा आयोजित की गई। सभा के मुख्य अतिथि मोतीलाल साधु रहे, अध्यक्षता प्रेम अहिरवार ने की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि पहले हमारे देश में अमीर घराने की बालिकाओं को शिक्षा दी जाती थी और गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा से वंचित रखते हुए घरेलू कामों में लगाया जाता था, इस प्रथा को डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने समाप्त कर सभी को शिक्षा देने का प्रस्ताव संविधान में रखा, जिसके परिणामस्वरूप आज बालिकाएं पढ़-लिखकर उच्च स्तर पर कार्यरत हैं।

# नीति और न्याय से ही धन उपार्जन करें

## धर्मसभा में आचार्य श्री समयसागर जी की मंगलदेशना



**जबलपुर।** दिगंबर जैन शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र हनुमान ताल में आयोजित धर्म सभा में आचार्य समयसागर महाराज ने अपनी मंगल देशना में कहा कि भगवान की हम कितनी भी आराधना, पूजन कर ले भगवान में कोई परिवर्तन नहीं आने वाला। क्योंकि वह पहले से ही पूज्य है। उन्होंने अपने समस्त कर्मों का क्षय करके पुण्यता प्राप्त की है। लेकिन यदि हम भगवान की आराधना करते तो हमारी आत्मा से कालुष्य भाव और पापरूप परिणाम नष्ट हो सकते हैं। आगे आचार्य श्री ने कहा हमें नीति और न्याय से ही धन संपत्ति का संग्रह करना चाहिए और उसका कुछ भाग दान पुण्य में लगाना चाहिए। वर्तमान में कुछ ही लोग हैं जो पूर्ण नीति, न्याय के साथ धन का अर्जन करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति आज धन का अर्जन करने के लिए बहुत मेहनत करता है और शाम को नोटों की गड्डी हाथों में आती है उसको वह गिनता है तो उसकी सारी थकान उतर जाती है क्योंकि उसकी दृष्टि केवल, पर वस्तुओं में है आत्मा में नहीं। धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्य विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष शासनोदय तीर्थ क्षेत्र के एवं संरक्षिणी सभा के ट्रस्टीयो सदस्यों ने दीप प्रज्वलित किया तथा श्रीफल भेंट कर जबलपुर में चातुर्मास करने का आग्रह किया। धर्म सभा का संचालन पंडित अमित शास्त्री ने किया। सोमवार को आचार्य श्री के प्रवचन एवं आहारचार्य शिव नगर जैन मंदिर में होगी।

# पूर्व पार्षद ताहिर अली को पार्टी से निष्कासित करने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व से की मांग

## पं. मोतीलाल नेहरु वार्ड के पार्षद शफीक हीरा ने पत्रकार वार्ता में लगाये आरोप




**जबलपुर।** पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के निर्वाचित पार्षद शफीक हीरा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के पूर्व पार्षद सैयद ताहिर अली द्वारा राजनीतिक प्रतिद्वंद्विताවश मेरे विरुद्ध अपने रसूख का प्रयोग कर मुझ पर झूठे अनर्गल आरोप बगैर कोई ठोस सबूत के लगाये जा रहे हैं ताकि मेरी छवि खराब हो जाये और वह वार्ड में अपना वर्चस्व कायम रख सके। बताया गया पूर्व पार्षद ताहिर अली के द्वारा वार्ड में जारी असामाजिक गतिविधियाँ जैसे शासकीय एवं अशासकीय भूमि पर कब्ज़ा करना, लेमा गार्डन स्थित राजीव गाँधी आवास योजना की बिल्डिंग में बगैर आवंटन के गरीब जनता से लाखों रुपए लेकर मकान का आवंटन न कराकर रुपयों का गबन कर लेना, वार्ड में नशे का कारोबार कराना आदि उनकी अवैध गतिविधियों को मेरे द्वारा वार्ड की जनता के हितार्थ एवं कांग्रेस पार्टी के हित में बंद कराया जा रहा है जिससे विचलित होकर वह मुझ पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं, जिसका खुलासा मेरे द्वारा पत्रकार वार्ता में किया जा रहा है।

यह कि 21/05/25 को मेरे द्वारा ताहिर अली के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उसके द्वारा मेरी व कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल की जा रही है। तत्पश्चात पूर्व पार्षद ताहिर अली के द्वारा 26/05/25 को होटल अरिहंत पैलेस रसल चौक जबलपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था जिसमें उसके द्वारा कांग्रेस कमेटी एवं वर्तमान पार्षद शफीक हीरा की छवि जान बूझकर सोची समझी राजनीति के तहत धूमिल की गई थी, जिसमें पूर्व पार्षद ताहिर अली के द्वारा मेरे ऊपर जो आरोप लगाया गया है कि शफीक हीरा पार्षद क्षेत्र में जुआँ, सट्टा, शराब एवं गांजा का गलत गतिविधियों में सहयोग करता है, जो की पूर्ण रूप से बिना किसी सबूत के लगाया गया आरोप है, जबकि वास्तविकता यह है कि उक्त सब कार्य पूर्व पार्षद ताहिर अली के द्वारा वार्ड में किये जाते हैं। वहीं पूर्व पार्षद ताहिर अली को अवैधानिक गतिविधियों के चलते जिला प्रशासन के द्वारा वर्ष 2011 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून 1980 (एनएसए) की कार्यवाही संपादित करते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय कारागार जबलपुर में निरुद्ध किया गया था।



## नीव करौरी आश्रम दद्दाधाम में हुआ संगीतमय सुंदरकांड

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 1008 बाबा श्री नीव करौरी आश्रम दद्दा धाम एवं इच्छा पूर्ति दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर जबलपुर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ एवं शानदार भजनों का गरिमामय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में पंडित सुनील तिवारी, मनोज पाण्डेय ने श्रीराम दरबार का पूजन-अर्चन कर दीप प्रज्वलन किया, तपश्चात प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:30 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड के साथ ही शानदार भजनों का भक्तिमय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक पंडित अंकुर दुबे ने सुंदरकांड का महत्व बताते हुए कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा घर में सुख-शांति का वातावरण रहता है, संकट में फंसा व्यक्ति संकट से निकल जाता है। सुंदरकांड का पाठ करने से रोगों से मुक्ति मिलती है तथा प्रभु श्रीराम और श्री हनुमान दोनों ही प्रसन्न होते हैं। साथ ही इस पाठ के करने से व्यक्ति को बल, बुद्धि और विद्या की प्राप्ति होती है। समापन पश्चात विशाल भंडारे के आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पंडित अंकुर दुबे, सुनील तिवारी, मनोज पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, अंशुल दुबे, सिद्धार्थ शुक्ला, डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## ऑल इंडिया डिफेंस फेडरेशन में मेकैनिज्म सदस्य मनोनीत

**जबलपुर।** एडवांस वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड द्वारा अपने आठ निर्माणी में निर्माणी की मूलभूत समस्याओं को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया, जिसका नाम आईआर मेकैनिज्म है जिसका काम इंडस्ट्रियल रिलेशन एवं उत्पादकता के बारे में चर्चा करना एवं उसका निदान करना है ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन की तरफ से जीसीएफ से विवेक शुक्ला एफ जी के से जावेद हुसैन एवं एस ए एफ कानपुर से राजीव सिंह नियुक्त किए गए। इस मीटिंग की अध्यक्षता स्वयं सीएमडी एविल ग्रुप उमेश सिंह द्वारा की जाएगी, जिसकी पहली मीटिंग 30 जून को इविल के हेड क्वार्टर कानपुर में होगी। ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक एवं महामंत्री सी कुमार ने मजदूर संघ हथौड़ा के जेसीएम उत्तम विश्वास, रोहित यादव विनय गुप्ता अमित चंदेल ने सभी आईआर मेकैनिज्म सदस्य को बधाई दी।

# उज्जैन की तर्ज पर नर्मदा किनारे बनेंगे आध्यात्मिक सेंटर

## नर्मदा जल शुद्धिकरण करने पर महापौर का सम्मान



**जबलपुर।** उज्जैन की तर्ज पर जबलपुर में नर्मदा के किनारे आध्यात्मिक सेंटर बनाया जाएगा, इस हेतु प्रस्ताव शीघ्र ही मध्यप्रदेश शासन को सौंपा जायेगा। यह घोषणा करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जबलपुर में नर्मदा में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटस लगाने में 100 प्रतिशत कामयाबी प्राप्त की है। इस कार्य की पुष्टि डॉ पीजी नाजपांडे द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल मे दायर याचिका के संबंध में जारी आदेश हुए है। एसटीपी कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण होने के कारण वर्तमान में जबलपुर में नर्मदा का जल ए-ग्रेड को हुआ है। जिसे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के परीक्षणों से प्रमाणित हुआ है।

उल्लेखनीय है कि नर्मदा में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के संबंध में किए गए अथक प्रयासों के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसो.महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, पेंशनर्स समाज, मानव अधिकार क्रांति संगठन तथा किसान समिति आदि विभिन्न जनसंगठनों ने सम्मानित किया।

महापौर ने बताया कि परियट, गौर तथा नर्मदा के किनारे बसी हुई डेयरियों के कारण नर्मदा का जल दूषित होने की चिंता बनी हुई है। अतः इस मुद्दे पर शासन से चर्चा करेंगे। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, डॉ. अभिजीत मुखर्जी, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, राजेश गिदरोनिया, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, संतोष श्रीवास्तव, पीएस राजपूत, एड. जीएस सोनकर, मनीष शर्मा, प्रफुल्ल सक्सेना, केसी सोनी, कमलेश तिवारी, माया कुशवाहा, जवाहर जायसवाल, आदि उपस्थित थे।

## 26 जून को सीएम हाउस में होगा मीसा बंदियों का सम्मान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ की बैठक घंटाघर कॉफी हाउस मे आयोजित की गई। बैठक को मध्य प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ के तपन भौमिक ने सम्बोधित करते हुए बताया कि अपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर मीसा बंदियों का भोपाल में सीएम हाउस में सम्मान किया जाएगा। उन्होंने मीसा बंदियों के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जबलपुर मे 385 मीसा बंदी थे और आज 85 ही जीवित हैं, उनमें से भी 35 ही चलने फिरने मे सक्षम है। आज मीसा बंदियों का अंतिम संस्कार तिरंगे में सम्मान होता है।

# रोज 2 घंटे काम नहीं करेंगे रादुविवि कर्मचारी

## लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शैक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सोमवार को विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपना आंदोलन शुरू कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता और मांगों की लगातार अनदेखी से नाराज़ कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो वे पूर्ण हड़ताल पर चले जाएंगे।



शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के महासचिव राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि कर्मचारियों की 20 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में विश्वविद्यालय प्रशासन को पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रमुख मांगों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निपटारा, जर्जर आवासों की मरम्मत, और समयमान वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को लाभ प्रदान करना शामिल हैं।

संघ के अनुसार, इस अनदेखी के विरोध में सोमवार से प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सांकेतिक कार्य बहिष्कार किया जाएगा और कर्मचारी प्रशासनिक भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। यदि 23 जून तक प्रशासन ने मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, तो कर्मचारी पूर्ण कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे, जिससे विश्वविद्यालय का समस्त प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो सकता है।

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I, TIRLANGI KRISHNAVENI is legally Mother of No. 15714995Y Rank LOC NK Name VISWANADHAM THIRLANGI presently, residing at 2-78, GUNJILOVA MAIN VEEDHI, JARJANGI, SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH 532195 I, have changed of my name and date of birth from name KRISHNAVENI and date of birth 22/09/1957 (Name and date of birth as per my SON, Army service records)) to name TIRLANGI KRISHNAVENI and date of birth 01/01/1957 (name and date of birth as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 14/06/2025 formerly before Public Notary MP HIGH COURT, JABALPUR

CORRECT NAME - TIRLANGI KRISHNAVENI
CORRECT DATE OF BIRTH - 01/01/1957
INCORRECT NAME- KRISHNAVENI
INCORRECT DATE OF BIRTH- 22/09/1957

**CHANGE OF NAME**

I, KARUNASREE THIRLANGI (existing name of SPOUSE) is legally wedded spouse of No ARMY NO 15714995Y, RANK LOC NK, NAME VISWANADHAM THIRLANGI presently residing at 2-78, GUNJILOVA MAIN VEEDHI, JARJANGI, SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH - 532195 (Address) have changed my name from KARUNASREE THIRLANGI (Existing name of spouse as per change of Next of kin Record/Service Documents), to THIRLANGI KARUNA SREE (Proposed /Adopted New Name) vide Affidavit dated (Date of Affidavit in 13/06/2025 before Public Notary Ramdas Sharma, Jabalpur (Name and Place of the court)

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/19-20 /2025-26
दिनांक :- 16/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रवीन सिंह पिता श्री जी.आर.सिंह (गोपी रमन सिंह) श्रीमति नीता सिंह पति प्रवीन सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के प्लाट नं. 220 चैतन्य सिटी फेस-2 पार्ट समपत्ति के पिन क्रमांक 2000102628 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1500 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राम सहाय पाण्डेय पिता कृष्णपाल पाण्डेय श्रीमति सरला पाण्डेय पति श्री राम सहाय पाण्डेय का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/19-20 /2025-26
दिनांक :- 16/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मुक्ता सरीन पति राजेन्द्र कुमार सरीन ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के प्लाट क्रं. 69 मॉ नर्मदा नगर बिलहरी समपत्ति के पिन क्रमांक 1000388011 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1500 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति मनप्रीत कौर सिंह पति मनदीप सिंह बैंस का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I, PREMA DEVI is legally Mother of No 7781043A Rank CHM Name ASHOK KUMAR presently, residing at VILL-DUGAREI, PO- DUGAREI, TEH-FATEHPUR, DISTT-FATEHPUR (UTTAR PRADESH)-212662 I, have changed of my date of birth from 25/11/1952 (date of birth as per my SON, Army service records) to 30/04/1949 (date of birth as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 16/06/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT DATE OF BIRTH
30/04/1949
INCORRECT DATE OF BIRTH
25/11/1952

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/45
दिनांक :- 16/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति राखी जैन पति श्री संदीप जैन ने शॉप नं. 05 वार्ड भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 30 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/46
दिनांक :- 16/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. रामनारायण नेमा पिता स्व. श्री हरि नारायण नेमा ने मकान नं. 303/ ए-6 - 603 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती छठवीं मंजिल 1200व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/50
दिनांक :- 16/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति खालिदा खातून पति स्व. श्री मोहम्मद आजाद ने मकान नं. 95/909 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 475 व.फु. प्रथमतल 475 व.फु. दान प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/44
दिनांक :- 16/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति श्वेताली श्रीवास्तव पति स्व. श्री आशीष श्रीवास्तव ने मकान नं. 286/4 फ्लोर-408 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थ तल 1200+1200 व.फु. शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर